श्र्मा हार्डওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 146 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 22 दिसंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

अयोध्या में बनेगी देश की सबसे बड़ी मस्जिद पेज 2
क्रिसमस के मौके पर मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी की सड़कों पर की रात्रि गश्ती पेज 3
वासुदेव देवनानी सर्वसम्मति से चुने गए राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष पेज 5
आठ साल की बोधन शिवानंदन का कमाल, इंग्लैंड में रच दिया इतिहास... पेज 7

*कामरूप में विकसित भारत संकल्प यात्रामें शामिल हुए मुख्यमंत्री*

## रैली का उद्देश्य योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचना : सीएम



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा गुरुवार को कामरूप जिले के रामपुर विकास खंड के अंतर्गत स्थित आर बी हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल के मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा रैली में शामिल हुए। रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार की प्रमुख सामाजिक क्षेत्र की आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि, आदि योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों के नामांकन में शत-प्रतिशत संतृप्ति बिंदु प्राप्त करने के उद्देश्य से पिछले 15 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वे 2021 में राज्य के मुख्यमंत्री बने तो राज्य भर में केवल 2 लाख किसानों ने प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि के तहत लाभार्थियों के रूप में अपना पंजीकरण कराया था, लेकिन राज्य सरकार के अथक प्रयासों के कारण कुल संख्या में वृद्धि हुई। योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की संख्या 11 लाख के पार पहुंच गई है। हालांकि, यह आंकड़ा अभी भी कम है, क्योंकि राज्य में अनुमानित 25 लाख किसान हैं। उन्होंने कहा कि पलाशबाड़ी क्षेत्र में ही ऐसे कई किसान हैं, जिन्होंने अभी तक प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि के लिए अपना नाम पंजीकृत नहीं कराया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा -शेष पृष्ठ दो पर

## योग करने से तन और मन नियंत्रित होता है : मुख्यमंत्री




**कामरूप ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने आज कामरूप जिले के कामपुर ब्लॉक के ऊपरहाली ग्राम पंचायत में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वे युवा पीढ़ी से कहना चाहते हैं कि वे योग करें। योग करने से तन और मन नियंत्रित होता है। उन्होंने कहा कि तथ्य का प्रसंग समझना बहुत अनिवार्य है कि योग सिर्फ भाजपा का नहीं है। उन्होंने कहा कि कुरान में बहुविवाह की अनुमति इतिहास में कुछ विशेष परिस्थितियों के कारण दी गई। आज के आधुनिक जमाने के लिए यह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव ने कहा था कि अनेक जन्मों में अर्जित किए गए -शेष पृष्ठ दो पर

### सीआईएसएफ संभालेगी संसद परिसर की सुरक्षा

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** संसद की सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को मिलने जा रहा है। इस संबंध में सीआईएसएफ को नियमित नियुक्ति से पहले संसद परिसर का सर्वे करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर को लोकसभा में दो युवकों ने दर्शक दीर्घा से छलांग लगाकर सदन में हंगामा किया था। इसके बाद से संसद की सुरक्षा को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार को निशाना बना -शेष पृष्ठ दो पर

## भूत जीएमसी की प्रगति को रोक रहा है : सिंघल



**गुवाहाटी।** राज्य के आवास और शहरी मामलों और सिंचाई तथा कैबिनेट मंत्री अशोक सिंघल ने आजएक रहस्यमय बाधा का उल्लेख किया है जो गुवाहाटी नगर निगम (जीएमसी) के भीतर महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति में बाधा डाल रहा है। उन्होंने इस सिलसिले में बात करते हुए *एक भूत* की उपस्थिति का दावा करते हुए एक चौंकाने वाला रहस्योद्घाटन किया। सिंघल ने गणेशगुड़ी और बेलतला बाजारों जैसे महत्वपूर्ण बाजारों को पूरा करने में लंबे समय से हो रही देरी पर निराशा व्यक्त की, दोनों का उद्घाटन 2014 में -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वांঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

Door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

**सुप्रभात**

*संकट में बुद्धि भी काम नहीं आती है।*
- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

#### गढ़चिरौली में खाना खाने से 109 छात्राएं बीमार, अस्पताल में भर्ती

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में संदिग्ध खाद्य विषाक्तता के एक मामले में 100 से अधिक छात्राएं अपने आवासीय विद्यालय में दोपहर का भोजन करने के बाद बीमार पड़ गईं जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह जानकारी एक अधिकारी ने गुरुवार को दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार को जिले के धनोरा तालुका के सोडे गांव स्थित एक *आश्रम शाला* (आदिवासी बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय) में हुई। गढ़चिरौली जिले के सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद खंडाते ने कहा कि बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे स्कूल में छात्राओं को दोपहर का भोजन -शेष पृष्ठ दो पर

#### सर्वांगीण उत्थान का सदा समर्थन : जातिगत जनगणना पर संघ

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्पष्ट किया है कि जातिगत जनगणना से उसे कोई आपत्ति नहीं है लेकिन इसका उपयोग समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए होना चाहिए ना कि एकात्मता खंडित करने के लिए। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने एक बयान में कहा कि पिछले कुछ समय से जाति आधारित जनगणना की -शेष पृष्ठ दो पर

## जम्मू-कश्मीर : सेना की गाड़ियों पर हमला, तीन जवान शहीद



**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकवादियों द्वारा सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में 3 जवानों की मौत हो गई है। दोनों वाहन जवानों को बुफलियाज के पास के इलाके से ले जा रहे थे, जहां बुधवार रात से आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चल रहा है। कल रात से सामान्य क्षेत्र डीकेजी (डेरा की गली), थानामंडी, राजौरी में एक ऑपरेशन चलाया जा रहा था। दोपहर करीब 3.45 बजे राजौरी-थानामंडी-सूरनकोट रोड पर -शेष पृष्ठ दो पर

## रोड पर एक्सीडेंट कर भाग जाने वालों की होगी 10 साल की सजा : गृहमंत्री



**नई दिल्ली।** रोड पर एक्सीडेंट करके भाग जाने वालों की बड़ी खबर है। मोदी सरकार ने रोड एक्सीडेंट कर भाग जाने वाले लोगों के लिए एक सख्त कानून बनाया है जिससे अब आप रोड एक्सीडेंट करके भाग नहीं सकते और अगर कोई ऐसा करता है तो 10 साल की सजा होगी। कानून के मुताबिक, रोड पर एक्सीडेंट करके भागने पर 10 साल की सजा होगी। रोड एक्सीडेंट जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर सरकार ने नया कानून बनाया है जिसके तहत अगर कोई शख्स रोड पर एक्सीडेंट कर भाग जाता है और घायल को सड़क पर ही छोड़ देता है तो उसे 10 साल की सजा होगी। वहीं, अगर एक्सीडेंट करने वाला शख्स, घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाता है तो उसकी सजा कम कर दी जाएगी। इसकी जानकारी गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में दी है। बता दें कि इससे पहले आईपीसी धारा 104 के तहत सड़क दुर्घटना के दौरान लापरवाही से मौत के अपराध में पहले 2 साल की कैद और जुर्माने का प्रावधान था। हालांकि अब नए कानून को लोकसभा से मंजूरी मिल गई है और अब घायल को सड़क पर छोड़ कर जाने वालों को 10 साल की सजा होगी।

### सांसदों को बाहर करने के पीछे एक बहुत बड़ा षड्यंत्र : फारुख



**कठुआ ( हि.स. )।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डॉ फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि सभी सांसदों को बाहर करने के पीछे एक बहुत बड़ा षड्यंत्र है, जितने भी जरूरी बिल है उन्हें मनमर्जी से पास किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर के प्रवेशद्वार लखनपुर में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डॉ फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि विपक्षी दलों ने सिर्फ एक ही मांगती की थी कि नई संसद में जो उल्लंघन हुआ है, इसके पीछे की वजह क्या है, कौन सी ताकतें है जो इस तरह का उल्लंघन करवाने पर उतारू हुई है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा का सारा जिमा गृह मंत्रालय पर है और विपक्षी दलों ने मांग की थी कि गृहमंत्री संसद में आए और इस पर पूरी विस्तृत जानकारी दें, क्या पता कल कोई बम लेकर आ जाए, कोई जहरीली गैस लेकर आ जाए। लेकिन मोदी सरकार ने अपने -शेष पृष्ठ दो पर

## रास में दूरसंचार बिल पास, राष्ट्रपति की अनुमति के बाद बनेगा कानून



**नई दिल्ली।** गुरुवार यानी 21 दिसंबर को राज्यसभा में दूरसंचार विधेयक बिल 2023 पास हो गया। इससे पहले इस बिल को लोकसभा में बुधवार को ध्वनि मत से पास करवाया गया था। यह बिल सरकार को नागरिकों और राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में किसी भी टेलीकॉम सर्विस या नेटवर्क को संभालने, बैन करने या उन्हें निलंबित करने की अनुमति देता है। दूरसंचार विधेयक बिल भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885, भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम 1933 और टेलीग्राफ तार (गैरकानूनी कब्जा) अधिनियम-1950 की जगह लेगा। साथ ही यह केंद्र सरकार को किसी भी आपातकाल की स्थिति में या सार्वजनिक सुरक्षा के हित में दूरसंचार नेटवर्क पर कब्जा करने की भी अनुमति देता है। अब राष्ट्रपति की अनुमति के बाद यह विधेयक कानून की शक्ल ले लेगा। -शेष पृष्ठ दो पर

### हजारीबाग में दम घुटने से चार की मौत, तीन की हालत गंभीर

**हजारीबाग ( झारखंड ) ( हि.स. )।** राज्य के हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलीगंज में दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि बुधवार रात एक ही परिवार के कई लोग ठंड से बचने के लिए कमरे में कोयला जलाकर सोए हुए थे। कमरे का दरवाजा बंद था, जिस वजह चार लोगों की -शेष पृष्ठ दो पर

## बिना चर्चा के अहम विधेयकों का पास होना चिंताजनक : खड़गे




**नई दिल्ली ( हि.स. )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार बिना चर्चा कराए अहम विधेयकों को पास करवा रही है। यह देश के लिए चिंता की बात है। कांग्रेस और आईएनडीआईए के घटक दल सरकार के इस रवैये का विरोध भी कर रहे हैं। खड़गे ने गुरुवार को कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कहा कि बिना चर्चा और बहस के अहम विधेयकों को मनमाने ढंग -शेष पृष्ठ दो पर

## कोरोना ने फिर बढ़ाई टेंशन, डब्ल्यूएचओ से लेकर केंद्र तक का अलर्ट जारी



**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के नए वैरिएंट जेएन.1 तेजी से देश में फैल रहा है। अब तक नए वैरिएंट के 21 मरीज मिले हैं। वहीं आज गुरुवार को 358 नए कोरोना मरीज मिले हैं। वहीं कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर डब्ल्यूएचओ से लेकर केंद्र सरकार ने अलर्ट जारी किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में एक्टिव मरीजों की संख्या 2,669 हो गई है. जेएन.1 का पहला मरीज केरल में पाया गया था। वहीं 24 घंटे में केरल में तीन मरीजों की मौ हो गई है। वर्चुअल बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने सभी स्वास्थ्य मंत्रियों को कोरोनोवायरस -शेष पृष्ठ दो पर

## देश में मीडिया और उसके हितों की सुरक्षा मोदी सरकार की गारंटी : अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को राज्यसभा में ममता बनर्जी सरकार को पश्चिम बंगाल में पत्रकारों के ऊपर लगातार होने वाले हमलों को लेकर जमकर घेरा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पश्चिम बंगाल से लगातार पत्रकारों पर जानलेवा हमले और हिंसक घटनाओं को खबरें आती हैं। पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार को पत्रकारों को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने लिए उपाय करने चाहिए। प्रेस फ्रीडम रिपोर्ट पर कटाक्ष करते हुए मंत्री ने कहा कि इतने वर्ष हो गए पर आज तक ऐसी कोई संस्था वाला मेरे पास नहीं आया। मैंने समाचार पत्रों और टीवी मीडिया वालों से भी पूछा मगर आज तक उनके पास भी कोई नहीं गया। मुझे नहीं पता यह रिपोर्ट कैसे बनाते हैं। प्रेस फ्रीडम रिपोर्ट की कोई गारंटी नहीं पर मीडिया और उसके हितों की सुरक्षा मोदी सरकार की गारंटी है। अनुराग ठाकुर ने उक्त बातें तृणमूल सांसद डोला सेन के तारांकित प्रश्न के जवाब में कहीं। हालांकि डोला सेन जवाब के समय सदन में उपस्थित नहीं थीं। सदन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है पर पश्चिम बंगाल -शेष पृष्ठ दो पर

## हमास के खात्मा होने तक नहीं रुकेगा युद्ध : नेतन्याहू



**यरुशलम ( हि.स. )।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई युद्ध विराम नहीं होगा। वहीं हमास प्रमुख इस्माइल हानिया ने मिस्त्र का दौरा किया। जबकि अमेरिका सहित यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर युद्ध विराम का दबाव बना रहे हैं। ज्ञात रहे कि हमास युद्ध में अब तक 19,667 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, हम तब तक लड़ना बंद नहीं करेंगे जब तक हम अपने निर्धारित सभी उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लेते। बता दें कि इजराइल के तीन उद्देश्यों में हमास का खात्मा, हमास के कब्जे में फंसे बंधकों की रिहाई शामिल है। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. ARTCLE WORLD, S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, Ph. : 94350-48866, 94018-06952

# अयोध्या में बनेगी देश की सबसे बड़ी मस्जिद

## *ताज महल से भी होगी ज्यादा खूबसूरत*

भाजपा नेता और मस्जिद मुहम्मद बिन अब्दुल्ला विकास समिति के अध्यक्ष ने गुरुवार को कहा कि अयोध्या के धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन पर बनने वाली मस्जिद ताज महल से भी बेहतर होगी। हाजी अरफात शेख ने आगामी मस्जिद की प्रमुख विशेषताओं और विशेषताओं पर प्रकाश डाला, जो राम मंदिर से केवल 25 किमी दूर बनाई जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 9 नवंबर को अयोध्या में विवादित राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। केंद्र को सुन्नी वक्फ बोर्ड को वैकल्पिक पांच एकड़ जमीन आवंटित करने का निर्देश दिया था। इसके बाद राज्य सरकार ने अयोध्या के धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन आवंटित की। हाजी अरफात शेख ने कहा कि नई मस्जिद, जो भारत में सबसे बड़ी होगी, में केसर रंग में दुनिया की सबसे बड़ी कुरान होगी, जिसकी ऊंचाई 21 फीट और चौड़ाई 36 फीट होगी। मस्जिद में पहली नमाज मक्का के इमाम इमाम-ए-हरम अब्दुल रहमान ऐ-सुदैस अदा करेंगे। हाजी अरफात शेख ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि यह मस्जिद ताज महल से भी ज्यादा खूबसूरत होगी। यह *दावा* और *दुआ* का केंद्र होगी क्योंकि इसमें न केवल लोगों को नमाज पढ़ने की इजाजत होगी, बल्कि 500 बिस्तरों वाला कैंसर अस्पताल भी होगा जिससे लोगों को फायदा होगा। यूपी से कोई भी कैंसर के इलाज के लिए मुंबई नहीं जाएगा। इसमें डेंटल, मेडिकल और इंजीनियरिंग के विभिन्न कॉलेज भी होंगे।

# शिक्षा विभाग ने 67वें राष्ट्रीय स्कूल खेल विजेताओं को सम्मानित किया



**इटानगर (हिंस)।** अरुणाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग ने आज 67वें राष्ट्रीय स्कूल खेल फेडरेशन ऑफ इंडिया 2023 के पदक विजेताओं के लिए एक सम्मान कार्यक्रम माध्यमिक शिक्षा निदेशक के कक्ष में किया गया। कार्यक्रम मे तानयांग तातक, प्रभारी डीएसई, नाक्याम तासिंग, डीडीएसई, अरुणाचल कराटे डू एसोसिएशन के महासचिव उपस्थित थे। सभी पदक विजेताओं को बधाई दी, जो हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में पदक हासिल किया। उक्त आयोजन में राज्य से कुल 15 छात्रों ने भाग लिया। अरुणाचल प्रदेश को 7 पदक मिले थे, जिसमें -66 किलोग्राम और 55 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए, एंथोनी राजे और वार्नर किनो ने स्वर्ण पदक जीता, दोनों सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेप्पा से है, अंजू पांगिया ने 56 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीती थी, जिद डाग्रंग, लीखा हब्र्व, सुनी लोंडो और निआनिया दुबी ने रजत पदक जीता जो क्रमश: 50, किग्रा, 60 किग्रा, 50 किग्रा और 42 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जिते। तानयांग तातक ने पदक विजेताओं को कड़ी प्रैक्टिस करने की सलाह दी।

# मणिपुर पुलिस ने 257 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल (हिंस)।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 257 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 185 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर 216 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 142 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**कामरूप (हिंस)।** गुवाहाटी के निकटवर्ती अमीनगांव में असम ट्यूब के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की आज मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब, एक ट्रक और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक बाइक सवार की पहचान राजा हरि के रूप में हुई है। मृतक का घर अमीनगांव के 26 नंबर कॉलोनी में है। पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर और हैंडीमैन को गिरफ्तार कर लिया है।

# भारी मात्रा में बर्मीज सुपारी जब्त

**कार्बी आंगलोंग (हिंस)।** कार्बी-आंगलोंग जिले के बोकाजान में भारी मात्रा में बर्मीज सुपारी जब्त किया गया। इस सिलसिले में पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। जिले की डिलाई थाना पुलिस ने आज बताया कि नाका तलाशी के दौरान 50 क्विंटल बर्मीज सुपारी जब्त किया गया। सुपारी को एक ट्रक (एएस-25ईसी-2165) के एक गुप्त कक्ष में रखकर ले जाया जा रहा था।

## त्रिपुरा में एक क्विंटल गांजा के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

**अगरतला (हिंस)।** त्रिपुरा पुलिस का ड्रग्स के खिलाफ अभियान जारी है। इसी सिलसिले में दुर्गा चौमुहानी नाका पर तैनात पुलिस कर्मियों ने एक बोलेरो टर्बो को हिरासत में लिया। गाड़ी की तलाशी लेने पर लगभग 103.350 किलोग्राम सूखी गांजा से भरे 26 लपेटे हुए पैकेट बरामद किए गए। इस सिलसिले में गाड़ी के चालक और सह-चालक को हिरासत में ले लिया गया। इस मामले में कमलपुर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

# संजय सिंह की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सड़क जाम

**कोडरमा (हिंस)।** संजय सिंह की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तार करने की मांग को लेकर गुरुवार को तिलैया थाना के सामने सड़क जाम किया गया। मृतक संजय सिंह के परिजन और मुहल्ले के लोग सड़क जाम में शामिल थे जो लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। तिलैया थाना अंतर्गत विगत 15 दिसंबर की रात्रि में गांधी स्कूल रोड स्थित मास्टर मोहल्ला में रास्ता विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में घायल व्यक्ति संजय सिंह की रांची के रिम्स में इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई थी। घटना के बाद आरोपित परिवार सहित घर में ताला लगाकर फरार हो चुके थे। मामले को लेकर 15 दिसंबर को थाना में दो अलग-अलग प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी, जिसमें प्रथम प्राथमिकी में संगीता सिंह ने प्रेम कपूर, राज कपूर, दोनों के पिता सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक कैलाश प्रसाद यादव एवं सोनू कुमार को अभियुक्त बनाते हुए मामला दर्ज कराया था। वहीं दूसरे पक्ष के प्रेम कपूर ने भी संजय सिंह सहित आठ अन्य लोगों पर छेड़खानी, मारपीट एवं छिनतई को लेकर मामला दर्ज कराया गया था। इधर गंभीर रूप से घायल संजय सिंह की इलाज के दौरान बुधवार को रिम्स में मौत हो गई। इस बड़ी घटना के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। मृतक संजय सिंह का शव गुरुवार को तिलैया पहुंचा, जिसके बाद लोगों ने इंसाफ की गुहार लगाते हुए सड़क जाम कर दिया। देर शाम को कोडरमा एसडीओ संदीप मीणा, डीएसपी प्रशिक्षु दिवाकर कुमार वहां पहुंचे पर आक्रोशित परिजन एसपी के आने की मांग कर रहे थे।

# अवैध संबंध के चक्कर में मां ने 15 माह के बेटे को जलाशय में फेंक उतारा मौत के घाट

**रामनगर (कर्नाटक)।** मां की ममता की खबरें आप रोज पढ़ते या सुनते होंगे लेकिन कर्नाटक से एक हैवान मां की करतूत की खबर सामने आ रही है। इस मां ने ममता को शर्मसार किया है। इस मां ने अपने 15 महीने के बेटे को जलाशय में फेंककर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के आरोप में महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक के कणवा जलाशय में अपने 15 महीने के बेटे को फेंककर हत्या करने के आरोप में महिला को गिरफ्तार किया गया है। महिला की पहचान भाग्यम्मा (21) के रूप में हुई है। भाग्यम्मा अपने पति से अलग हो गई थी और चन्नापटना तालुक के बनगहल्ली में अपनी मां के साथ रह रही थी। एक पुलिस अधिकारी ने इस मामले पर कहा कि मंगलवार शाम को वह यह कहकर घर से निकली कि उसे अपने कपड़े धोने जाना है। वह चिल्लाते हुए घर लौटी कि उसका बेटा देवराज डूब गया है। इसकी जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पूछताछ के दौरान महिला ने कबूल किया कि उसने बच्चे को जलाशय में फेंक दिया है।

# भ्रष्टाचार में आरोपों में फंसे दो आईएएस बहाल

**चंडीगढ़ (हिंस)।** हरियाणा सरकार ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी के आरोपों में घिरे प्रदेश के दो आईएएस अधिकारियों को बहाल कर दिया है। दोनों अधिकारी पिछले करीब ढाई माह से निलंबित चल रहे थे। सरकार ने आईएएस विजय दहिया तथा जयबीर सिंह आर्य को बहाल किए जाने के बाद अब जल्द ही उन्हें नई तैनाती दी जाएगी। अधिकारियों को भले ही बहाल कर दिया गया हो लेकिन उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच जारी रहेगी। दरअसल, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 10 अक्तूबर की शाम को हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तत्कालीन महाप्रबंधक विजय दहिया को पांच लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके दो दिन बाद ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 12 अक्तूबर को हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के प्रबंध महानिदेशक जयबीर आर्य को कुरुक्षेत्र में वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के जीएम के पद पर पोस्टिंग कराने के लिए एक अधिकारी से तीन लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोनों आइएएस अधिकारियों को जेल भेजे जाने के बाद प्रदेश सरकार ने 31 अक्तूबर को दोनों आइएएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया था। गिरफ्तारी के दिन से ही उनका निलंबन माना गया। अब दोनों अधिकारी जेल से बाहर आ चुके हैं। इस मामले की जांच अभी लंबी चलेगी। ऐसे में सरकार ने अंतिम निर्णय आने तक गुरुवार को दोनों अधिकारियों को बहाल कर दिया है। अब इन अधिकारियों को फिर से कोई विभाग आवंटित करके नई तैनाती की जाएगी।

अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई
चेन्नई
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. रेफाइ शौकत अली, MRCP (UK), FRCP (Lon), CCT in Cardio (UK), FACC (USA), FESC (Europe)
गुवाहाटी में केवल परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे
06 जनवरी, 2024 को
जो मरीज हाई ब्लड प्रेशर /कोलेस्टेरोल, कोशोनैरी हृदय रोग (हर्ट डिजीज) एवं वाल्व प्रोब्लम, बाइपास सर्जरी की आवश्यकता, वाल्व/एओरटिक एनेयूरीस्म/एलबी एनेयूरीस्म / फेफड़ा (लंग सर्जरी), एडल्ट कोंजेनिटल रोग, हर्ट में होल्स के समान (एएसडी, बीएसडी इत्यादि) से परेशान हैं तो अपना-अपना नाम रजिस्टर करा सकते हैं :
APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane-10
Ph : 8404037649, 0361-3102669, 0361-3102166

# *पृष्ठ एक का शेष*

### *रैली का उद्देश्य ...*

ने कहा कि यह प्रधानमंत्री के सपनों में से एक है कि हर व्यक्ति के पास रहने के लिए पक्का घर हो। यह महत्वपूर्ण है कि पीएमएवाई के तहत पक्के घर के लिए पात्र प्रत्येक व्यक्ति आवश्यक दस्तावेजों के साथ आगे आए ताकि सरकार द्वारा इस संबंध में आवश्यक कार्य शुरू किए जा सकें। आयुष्मान भारत योजना के बारे में बोलते हुए मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि वे सभी राशन-कार्ड धारक इस सामाजिक क्षेत्र की योजना में शामिल होने के पात्र हैं, जो अस्पतालों में पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की गारंटी देता है। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से विकसित भारत संकल्प यात्रा रैली का सर्वोत्तम उपयोग करने की अपील की, ताकि वे ऑन-स्पॉट पंजीकरण सुविधाओं आदि के माध्यम से उनके लिए बनाई गई विभिन्न योजनाओं के तहत सभी लाभों का आनंद ले सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के युवाओं की अप्रयुक्त क्षमता को चैनलाइज करने के उद्देश्य से *माई भारत ऐप* लॉन्च किया था, उन्होंने कहा कि जो लोग इसके तहत खुद को पंजीकृत करेंगे वे भविष्य में राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में योगदान देने की स्थिति में होंगे। आज के कार्यक्रम में पर्यावरण एवं वन मंत्री चंद्रमोहन पटवारी, विधायक हेमांग ठाकुरिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### *योग करने से ...*

पुण्यों के कारण ही किसी व्यक्ति का जन्म देवताओं के पावन भूमि भारत में होता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है। इसके अनुसार आप जितना सम्मान अपने माता-पिता को देंगे, उतना ही सम्मान आपके बच्चे आपको देंगे। इसीलिए सनातन धर्म में माता-पिता को भगवान का दर्जा दिया गया है। इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने गुवाहाटी में रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के एक अकादमिक ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित एक भव्य उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने छात्रों से अधिक ध्यान केंद्रित करने और अपने सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक सुविधाओं का उपयोग करने का आग्रह किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षा से संबंधित कई पहलुओं पर प्रकाश डाला।

### *सीआईएसएफ संभालेगी संसद...*

रहा है। वर्तमान में संसद परिसर की सुरक्षा का जिम्मा दिल्ली पुलिस संभाल रही है। गृह मंत्रालय ने पत्राचार में नियमित नियुक्ति के लिए सीआईएसएफ की सुरक्षा और फायर विंग को संसद परिसर का सर्वे करने के लिए कहा है। सीआईएसएफ देश के महत्वपूर्ण परिसरों, दिल्ली मेट्रो और एयरपोर्ट की सुरक्षा संभालती है। यह देश का सबसे आधुनिक सुरक्षा साजो-समान से लैस अर्धसैनिक बल है।

### *भूत जीएमसी की ...*

किया गया था। परियोजनाओं को शुरू करने के निरंतर प्रयासों और प्रयासों के बावजूद, पूरा होने में बाधा उत्पन्न हुई है और सिंघल ने बाधाओं के लिए अपने भीतर के एक मायावी भूत को जिम्मेदार ठहराया है। सिंघल ने परियोजनाओं के लिए ठेकेदारों को सुरक्षित करने के असफल प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उल्लेख किया कि तीन दौर की निविदाओं में कोई खरीदार नहीं आया और केवल चौथे प्रयास में एक ठेकेदार आगे आया। हालांकि, परियोजना का भाग्य अनिश्चित बना हुआ है। सिंघल ने इस मुद्दे को सुलझाने की तत्काल आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह विभागीय भूत है या वास्तविक भूत, हम यह निर्धारित करने में असमर्थ हैं, लेकिन हम जल्द ही इस भूत को पकड़ लेंगे और पता लगा लेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि ठेकेदारों की ओर से कोई गड़बड़ी नहीं हुई है और महापौर और आयुक्त स्थिति की पूरी जांच करेंगे। मंत्री ने दशकों से चली आ रही देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए लंबित परियोजनाओं को एक साल के भीतर पूरा करने का आह्वान किया। सिंघल ने सुधारों को लागू करने में राज्य के प्रयासों की सराहना करते हुए विकास के लिए 850 करोड़ रुपए प्रदान करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। आगामी चुनावों और विपक्ष के बारे में सवालों के जवाब में, सिंघल ने चर्चा को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में विकासात्मक पहलों की ओर मोड़ दिया। उन्होंने कांग्रेस से संबंधित पूछताछ को खारिज करते हुए कहा कि ये बेवकूफी भरे सवाल मत पूछिए। लोगों को कांग्रेस में कोई दिलचस्पी नहीं है और मीडिया को उन प्रासंगिक मामलों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो सार्वजनिक कल्याण से संबंधित हैं। सिंघल ने मीडिया से अपना ध्यान कांग्रेस से हटाने का आग्रह किया और सुझाव दिया कि पार्टी की प्रासंगिकता मीडिया कवरेज पर निर्भर करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता विपक्ष के बारे में चर्चा की तुलना में वर्तमान सरकार द्वारा किए गए सकारात्मक कदमों में अधिक रुचि रखती है।

### *जम्मू-कश्मीर : सेना ...*

सावनी इलाके में वाहनों पर हमला किया गया। आतंकवादियों ने एक ट्रक और एक जिप्सी सहित पुलिस वाहनों पर गोलीबारी की। वाहन जवानों को बुफलियाज के पास के इलाके से ले जा रहे थे, जहां बुधवार रात से आतंकवादियों के खिलाफ घेराबंदी और तलाशी अभियान चल रहा है। अतिरिक्त बलों को घटनास्थल पर भेजा गया है और विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर, कल रात एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। आज शाम संपर्क स्थापित किया गया और मुठभेड़ जारी है। आगे की जानकारी का पता लगाया जा रहा है। यह घटना बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक सशस्त्र पुलिस इकाई के परिसर के अंदर हुए विस्फोट के बाद आई है। अधिकारियों ने कहा था कि सुरनकोट इलाके में 19 और 20 दिसंबर की दरमियानी रात को हुए विस्फोट के कारण परिसर के पास खड़े कुछ वाहनों की खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं।

### *रास में दूरसंचार बिल...*

इसके अलावा दूरसंचार विधेयक बिल 2023 केंद्र सरकार को आपदा या पब्लिक इमरजेंसी के दौरान देश में किसी भी टेलीकम्युनिकेशन सर्विस या नेटवर्क को अस्थायी कब्जा करने की अनुमति देता है। यह बिल दूरसंचार नेटवर्क को सस्पेंड करने की परमिशन देता है। साथ ही बिल में कहा गया है कि केंद्र सरकार भारत की संप्रभुता और अखंडता, राज्य की रक्षा और सुरक्षा के हित में किसी भी व्यक्ति या समूह को या किसी टेलीकॉम डिवाइस से किसी भी मैसेज को कंट्रोल कर सकती है। वहीं, इस विधेयक के मुताबिक, केंद्र या राज्य सरकारों से मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मियों के भारत में प्रकाशित होने वाले मैसेज को तब तक नहीं रोका जाएगा, जब तक कि उनका ट्रांसमिशन राष्ट्रीय सुरक्षा के नियमों के तहत प्रतिबंधित ना हो। बहस का जवाब देते हुए संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दूरसंचार विधेयक 2023 औपनिवेशिक युग के दो कानूनों को बदलने के लिए नए भारत की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए लाया जा रहा है।

### *हजारीबाग में दम...*

दम घुटने से मौत हो गई। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में राकेश कुमार, अखिलेश कुमार, प्रिंस कुमार और अरमान अली हैं। रोहित यादव, राकेश कुशवाह, सलमान खान को हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस कमरे में ये घटना हुई उसके बगल के कमरे में कुणाल यादव भी रह रहे थे। उन्होंने कहा कि सुबह करीब सात बजे कुछ लोग उस कमरे के बाहर पहुंचे और आवाज लगाई लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। ऐसे में दरवाजा तोड़ दिया गया। देखा गया कि चार लोग मृत पड़े हुए हैं और तीन की हालत गंभीर है। तीनों को अस्पताल ले जाया गया और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। उन्होंने कहा कि रात में एक साथ खाना खाने के बाद सभी लोग अपने-अपने कमरे में चले गये थे। ठंड बहुत थी। इसलिए कमरे में ही अंगीठी जलाई गई थी। सूचना मिलने के बाद कटकमदाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। उल्लेखनीय है कि 21 दिसंबर, 2021 को हजारीबाग शहर के पेलावल-रोमी में दम घुटने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। सभी लोग रूम में अंगीठी व रूम हीटर जला कर सोए थे।

### *बिना चर्चा के अहम ...*

से पास कराने के लिए लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। संसद को सत्ता पक्ष के प्लेटफार्म के रूप में बदलने का षड्यंत्र चल रहा है। मौजूदा संसद सत्र में अब तक दोनों सदनों से हमारे आईएनडीआईए गठबंधन के 143 सांसदों का जिस तरह निलंबन किया गया है, वो दुर्भाग्यपूर्ण है। खड़गे ने कहा कि लोकसभा चुनाव हमारे सामने है। हमें हर मोर्चे पर तैयार रहना होगा। इस दिशा में पार्टी ने कई कदम उठाए हैं। हमें समान विचारों वाले साथियों से समन्वय बनाते हुए अधिक से अधिक सीटों पर जीत हासिल करनी है। हमने पांच सदस्यों वाली एक नेशनल अलायंस कमेटी गठित की है। जो अन्य दलों के साथ गठबंधन की रूप-रेखा तय करेगी। लोक सभा की तैयारियों के मद्देनजर लगभग 24 राज्यों के साथ समीक्षा बैठक हो चुकी है। हम लोक सभा सीटों पर जल्द ही कोऑर्डिनेटर भी नियुक्त करेंगे। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर 28 दिसंबर को नागपुर में हम विशाल रैली करने जा रहे हैं। वहां से एक नया संदेश जाएगा, रैली ऐतिहासिक होगी, मैं ऐसी कामना करता हूं। खड़गे ने कहा कि वह प्रस्ताव रखते हैं कि राहुल गांधी पूर्व से पश्चिम की ओर दूसरे चरण की *भारत जोड़ो यात्रा* निकालें, क्योंकि पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता लंबे समय से यह मांग कर रहे हैं।

### *सांसदों को बाहर ...*

मनमर्जी के बिल पास करने थे, इसलिए 141 के करीब सांसदों को बाहर का रास्ता दिखाया। 370 पर फारूक ने कहा कि इसी कोर्ट ने पहले फैसला सुनाया था कि 370 स्थाई है। उन्होंने कहा कि सरकार कहती थी कि उग्रवाद का सबसे बड़ा कारण 370 है, लेकिन अब तो 370 को हटा दिया है, उसके बावजूद भी उग्रवाद चरम सीमा पर है। हमारे देश के कई जवान, पुलिस अधिकारी मारे जा रहे हैं और बाहर डिंडोरी पीट-पीटकर हालात सामान्य बताए जा रहे हैं। पत्थरबाजी पर बात करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीर में हर एक घर के बाहर एक सिपाही खड़ा है, अगर आज सिपाही हटा, तो फिर से पत्थर बाज सक्रिय हो जाएंगे। इन पर भी पत्थर बरसाएंगे और हम पर भी पत्थर बरसाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने भी 200 साल राज किया, लेकिन जम्मू-कश्मीर तक नहीं पहुंचे। विकसित भारत संकल्प यात्रा पर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे खुशी है कि कोई पैदल चल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राम मंदिर भी खुलने वाला है जिसकी मुझे खुशी है, लेकिन अभी तक मुझे कोई भी निमंत्रण नहीं आया है और अगर निमंत्रण आएगा तो हम उसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, क्योंकि राम पूरे विश्व का है किसी एक का नहीं है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में एक बार फिर से नेशनल कांफ्रेंस आएगी और लोगों की मुश्किलों को हल किया जाएगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री मामले पर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री मोदी के एक पुराने किसे को याद दिलाते हुए कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी साहब जब सेवानिवृत होने वाले थे तो उस वक्त मोदी जी की बयान बाजी भी सुन ले, जो आज विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### *कोरोना ने फिर...*

पर दिशानिर्देशों के बारे में जानकारी दी और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां रखने का आदेश दिया। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल ने बुधवार को नई दिल्ली में कहा कि देशभर में अब तक नए कोविड-19 सब-वैरिएंट जेएन.1 के 21 मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों को नए वेरिएंट की ट्रैकिंग की सुविधा के लिए सभी कोविड-19 केसों के सैंपल इनसाकॉग लैब में भेजने की सलाह दी है। वहीं, गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने बुधवार को बताया कि उनके राज्य में कोरोना के 19 केस सामने आए हैं। इन सभी मरीजों में हल्के लक्षण हैं और आइसोलेशन में रखा गया है। गोवा में स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

### *देश में मीडिया और ...*

एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ियों को तोड़ा गया। यह साफ तौर पर पश्चिम बंगाल के गरीबों और जरूरतमंदों को विकास से वंचित रखने का षड्यंत्र है। जब पत्रकार इसे दिखाने जाते हैं तो उन्हें भी जान माल का खतरा रहता है। पश्चिम बंगाल में पत्रकारों पर हुए हमलों की सिलसिलेवार लिस्ट पढ़ते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि अक्तूबर, 2015 में पश्चिम बंगाल निकाय चुनावों के दिन साल्ट लेक इलाके में 20 पत्रकारों को पीटा गया और उनके माइक और कैमरे तोड़ दिए गए। फरवरी, 2022 में उत्तरी दमदम और पूर्वी मिदनापुर में निकाय चुनाव में 4 पत्रकारों को पीटा गया। 2023 के पंचायत चुनाव में नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया के दौरान कोलकाता और विभिन्न जिलों में 10 पत्रकारों को पीटा गया। जून, 2013 को एआईटीसी के गुटीय झगड़े को कवर करने के दौरान नॉर्थ 24 परगना के बैरकपुर में 3 फोटो पत्रकारों को इतना पीटा गया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अनुराग ठाकुर ने प्रश्न का जवाब देने के पहले कहा कि केंद्र सरकार भारत के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा करने हेतु प्रतिबद्ध है। जहां तक पत्रकारों की सुरक्षा की बात है तो कानून व्यवस्था राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2017 में ही गृह मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर पत्रकारों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। पूरे देश में कहीं भी पत्रकारों के ऊपर हिंसा होने पर प्रेस काउंसिल आफ इंडिया को स्वत: संज्ञान लेने का अधिकार है। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने राज्यों में पत्रकारों को भय मुक्त वातावरण प्रदान कराएं। तृणमूल कांग्रेस सांसद द्वारा कुछ दिनों पहले ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मजाक बनाए जाने के ऊपर सदन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह कुकृत्य पूरे देश को शर्मसार करने वाला है। पूरे विपक्ष को इस पर माफी मांगनी चाहिए थी।

### *हमास के खात्मा...*

सेना गाजा में हर जगह हमास के आतंकवादियों पर हमला कर रही है। नेतन्याहू ने आगे कहा कि जो कोई सोचता है कि हम रुक जाएंगे, वह सच्चाई से दूर है। इजराइल के कुछ सहयोगियों फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिका नागरिकों की मौत पर चिंता जताते हुए इजराइल से लगातार सटीक कार्रवाई करने को कह रहा है। वहीं, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि जब तक हमास बचे हुए 129 बंधकों को रिहा नहीं कर देता, युद्ध बंद नहीं हो सकता। हालांकि इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने संकेत दिए कि उनका देश विदेशी मध्यस्थता में मानवीय युद्ध विराम के लिए तैयार हो सकता है ताकि हमास के कब्जे वाले शेष बंधकों की रिहाई हो सके और मानवीय मदद गाजा पहुंच सके। इन बंधकों में आठ अमेरिकी नागरिक भी हैं।

### *गढ़चिरौली में खाना...*

दिया गया। भोजन करने के कुछ समय बाद ही उन्हें उल्टी होने लगी और उन्होंने पेट दर्द एवं सिरदर्द की भी शिकायत की। उन्होंने कहा कि कुल 109 छात्राओं को एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में, उनमें से 40 को गढ़चिरौली के सामान्य अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जबकि 69 अन्य का धनोरा ग्रामीण अस्पताल में उपचार चल रहा है। खंडाते ने कहा कि वे सभी छात्राएं अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि इस आश्रम विद्यालय में 350 से अधिक छात्राएं पढ़ती हैं। उन्होंने बताया कि भोजन एवं पानी के नमूने परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजे गए हैं।

### *सर्वांगीण उत्थान का ...*

चर्चा पुनः प्रारंभ हुई है। हमारा यह मत है कि इसका उपयोग समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए हो और यह करते समय सभी पक्ष यह सुनिश्चित करें कि किसी भी कारण से सामाजिक समरसता एवं एकात्मता खंडित ना हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किसी भी प्रकार के भेदभाव एवं विषमता से मुक्त समरसता एवं सामाजिक न्याय पर आधारित हिन्दू समाज के लक्ष्य को लेकर सतत कार्यरत है। यह सत्य है कि विभिन्न ऐतिहासिक कारणों से समाज के अनेक घटक आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ गए। उनके विकास, उत्थान एवं सशक्तीकरण की दृष्टि से विभिन्न सरकारें समय-समय पर अनेक योजनाए दृष्टि एवं प्रावधान करती हैं, जिनका संघ पूर्ण समर्थन करता है। उल्लेखनीय है कि केंद्र में विपक्षी पार्टियां जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार पर इसको लेकर दबाव डाल रही हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में यह प्रमुख मुद्दा बन सकता है।

## रिश्वत लेते इन्फोर्समेंट आफिसर रंगे हाथों गिरफ्तार

**करीमगंज ( हिंस )।** सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय की एक टीम ने करीमगंज जिले में एक इन्फोर्समेंट आफिसर को गिरफ्तार कर लिया। निदेशालय द्वारा आज दी गई। आधिकारिक सूचना के अनुसार गिरफ्तार इन्फोर्समेंट आफिसर की पहचान अबू सालेह मोहम्मद जकारिया के रूप में की गई है। डीटीओ, करीमगंज में नियुक्त इन्फोर्समेंट आफिसर को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी ने शिकायतकर्ता के वाहनों की निर्बाध आवाजाही की अनुमति देने के लिए करीमगंज के प्रभारी डीटीओ साहब उद्दीन तपदार के साथ साजिश में रिश्वत स्वीकार की थी। शिकायत के आधार पर निदेशालय द्वारा डीटीओ कार्यालय में जाल फैलाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस सिलसिले में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर पांच सौ चन्ना बार्सा मछलियां जब्त

**डिब्रूगढ़ ( हिंस )।** वन विभाग द्वारा चलाए गए एक सफल तस्करी विरोधी अभियान के दौरान आज डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर पांच सौ चन्ना बार्सा मछलियों को जब्त किया गया। मछली की इन दुर्लभ प्रजातियों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 4.5 करोड़ रुपए है। इस आशय की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि यह हाल के दिनों में हुई सबसे बड़ी विदेशी मछलियों की बरामदगी में से एक है।

# क्रिसमस के मौके पर मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी की सड़कों पर की रात्रि गश्ती

**गुवाहाटी ( हिंस )।** कड़ाके की ठंड के बावजूद मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा बीती रात गुवाहाटी की सड़कों पर उतरे। मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के साथ उनकी गश्त में शामिल हुए और व्यक्तिगत रूप से ट्रैफिक स्थिति की जांच की। जिसका उद्देश्य शराब के नशे में गाड़ी चलाने के कारण होने वाली मौत को रोकना था। इससे पहले 2 दिसंबर को असम के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जीपी सिंह ने सड़क सुरक्षा को लेकर कहा कि असम सरकार सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित करने के लिए 15 दिसंबर से सड़क सुरक्षा पर एक विशेष अभियान शुरू करेगी। हर बार नए साल नव वर्ष के मौके पर सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इसे दूर करने के लिए, हम सड़क सुरक्षा उपायों की समीक्षा और रणनीति बनाने के लिए परिवहन, एनएचएआई और अन्य संबंधित विभागों सहित सभी हितधारकों को शामिल करते हुए मासिक बैठकें आयोजित करते हैं। डीजीपी ने इस मुद्दे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों के



महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम त्योहारी सीजन के दौरान सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए नियमित रूप से निर्देश और सलाह जारी कर रहे हैं। हमारे आगामी विशेष अभियान का लक्ष्य इन प्रयासों को और तेज करना है।

## डीजीपी के साथ अतिरिक्त आरक्षी अधीक्षकों की बंद कमरे में बैठक

**गुवाहाटी ( हिंस )।** अल्फा (स्वा) की इन दिनों बढ़ी हुई गतिविधियों के मद्देनजर असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह की राज्य के सभी जिलों के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के साथ आज उलुबाड़ी स्थित असम पुलिस मुख्यालय में बंद कमरे में एक बैठक हुई। यह बैठक राज्य की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आयोजित की गई। ऊपरी असम के चराईदेव, डिब्रूगढ़, शिवसागर, तिनसुकिया तथा जोरहाट जिलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अल्फा (स्वा) की धमकियों के कारण डीजीपी की सुरक्षा के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। काहिलीपाड़ा में डीजीपी के आधिकारिक आवास तथा डीजीपी कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ज्ञात हो कि बीते एक महीने में अल्फा (स्वा) द्वारा ऊपरी असम में तीन ग्रेनेड विस्फोट किए गए। घटना के बाद बीते कल अल्फा (स्वा) के कैडरों को गुवाहाटी से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किए गए। ऊपरी असम से भी कुछ अल्फा कैडरों को इसी दौरान गिरफ्तार किया गया। अल्फा की गतिविधियों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) को भी लगाया गया है।

## मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर के इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, कांगपोकपी और बिष्णुपुर जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाकर हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को बताया कि सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान में कांगपोकपी जिले से एक 7.62 एमएम एके-47 असॉल्ट राइफल, एक 7.62 एमएम एके-47 राइफल मैगजीन, दो नंबर 36 एचई हैंड ग्रेनेड, दो 81 एमएम मोर्टार एचई बम, तीन नंबर 80 डब्ल्यूपी स्मोक ग्रेनेड, एक पीटी 22 पिस्टल, तीन डेटोनेटर और सात 7.62 एमएम जिंदा राउंड बरामद किया गया है।

## कोलकाता और न्यू कोचबिहार के बीच चलेगी शीतकालीन स्पेशल ट्रेन

**गुवाहाटी ( हिंस )।** सर्दियों के मौसम के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोलकाता और न्यू कोचबिहार के बीच एक ट्रिप के लिए दोनों दिशाओं से शीतकालीन स्पेशल ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया गया है। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची दे ने आज बताया कि यह ट्रेन कोलकाता से 22 दिसंबर को और न्यू कोचबिहार से 24 दिसंबर को प्रस्थान करेगी। 22 दिसंबर को स्पेशल ट्रेन संख्या 03141 (कोलकाता-न्यू कोचबिहार) कोलकाता से 23:40 बजे प्रस्थान कर 23 दिसंबर को न्यू कोचबिहार 12:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में, 24 दिसंबर को स्पेशल ट्रेन संख्या 03142 (न्यू कोचबिहार-कोलकाता) न्यू कूचबिहार से 05:00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन कोलकाता 22:40 बजे पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन दोनों तरफ की यात्रा के दौरान वाया धुपगुड़ी, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, मालदा टाउन, आजिमगंज, बैण्डेल आदि रेलवे स्टेशनों से होकर चलेगी। 21 कोच के संयोजन वाली इस ट्रेन में एसी-3 टीयर, स्लीपर क्लास और जनरल सीटिंग कोच होंगे। इस रूट पर चलने वाली अन्य ट्रेनों के प्रतीक्षा सूची वाले यात्री आरामपूर्वक यात्रा करने का अवसर उठा सकते हैं।

# मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने जोरहाट में की आठ बैठकें



**जोरहाट ( हिंस )।** असम सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण आदि मामलों के मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने जोरहाट जिले में आज आठ बैठकें की। बैठक के बाद सोशल मीडिया के जरिए मंत्री ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता में वापस लाने के लिए बूथ स्तर से सशक्तिकरण यात्रा जारी रखते हुए वे लगातार बैठकें कर रहे हैं। आज जोरहाट जिला समिति के तहत उत्तर पूर्व तीताबर मंडल के तहत बूथों पर आयोजित संगठनात्मक बैठकों में भाग लिया। पहली बैठक तीताबर मंडल के वार्ड नंबर 7, बूथ नंबर 123, पुबली नगर एलपी स्कूल, बाएं हिस्से में, दूसरी बैठक वार्ड नंबर 10, बूथ नंबर 142 और 143, तीताबर मंडल, तीताबर टाउन हाई स्कूल के पश्चिम भाग में, तीसरी सभा वार्ड नंबर 5, बूथ नंबर 160 और 163, तीताबार मंडल में, चौथी बैठक वार्ड नंबर 1, बूथ नंबर 55, तीताबार मंडल में, पांचवीं बैठक वार्ड नंबर 1, बूथ नंबर 53, तीताबार मंडल में, छठी सभा वार्ड नंबर 2, बूथ नंबर 129, मिहीराम सैकिया हायर सेकेंडरी स्कूल, तीताबार मंडल में, सातवीं बैठक वार्ड नंबर 3, बूथ नंबर 52 और 54, तीताबार मंडल में तथा आठवीं बैठक वार्ड नंबर 4 के बूथ नंबर 159 और 164 पर तीताबार मंडल में की। उन्होंने कहा कि इन बैठकों में जनता का उत्साह देखकर वे अभिभूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले से अधिक सीटें जीतकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

# पांडू कालेज में भारत-भूटान सांस्कृतिक मैत्री सम्मेलन आयोजित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राजधानी के पांडू कालेज में भारत और भूटान के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह मैत्री सम्मेलन पांडू कालेज और भारत-भूटान मैत्री संघ (बीआईएफए) के बीच एक मैत्री समझौते के माध्यम से आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज संगीत से किया गया। पांडू कालेज के प्राचार्य डॉ. संचय ज्योति बोरा ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने भूटान की एक खुशहाल देश के रूप में प्रशंसा की और उसके प्रदूषण मुक्त वातावरण का उल्लेख किया। अपने संबोधन में भारत भूटान फ्रेंडशिप एसोसिएशन के अध्यक्ष अपची शेबिंग दोर्जी ने ऐसे आदान-प्रदान कार्यक्रमों के लाभों के बारे में बात की। उन्होंने भूटान की सांस्कृतिक




विरासत के बारे में भी बताया। पांडू कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. विभास चंद्र दास पुरकायस्थ ने अपने संबोधन में सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के महत्व और मैत्री समझौते द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वैश्वीकरण के संदर्भ में भारत की विदेश नीति का भी उल्लेख किया। इस कार्यक्रम में पांडू कालेज के अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने इस कार्यक्रम में आयोजित सत्रिया नृत्य, भूपेंद्र संगीत, लोक नृत्य, बिहू नृत्य आदि जैसे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। साथ ही भूटान से आए छात्रों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। वे लोक नृत्य, संगीत, मुखौटा नृत्य आदि के प्रदर्शन के माध्यम से भूटान की विभिन्न पारंपरिक सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से दोनों देशों के सांस्कृतिक महोत्सव सम्पन्न किया गया। इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम से भूटान और पांडू कालेज के बीच एक सेतु स्थापित होने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में पांडू कालेज के सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

## असम नाट्य सम्मेलन के स्वर्ण पीठ मंडल का 18वां द्विवार्षिक सम्मेलन शुरू

**विश्वनाथ ( विभास )।** बिश्वनाथ चारिआली में 22, 23 और 24 दिसंबर को आयोजित होने वाले असम नाट्य सम्मेलन के स्वर्णपीठ मंडल के 18वें द्विवार्षिक सम्मेलन और पूर्ण नाटक महोत्सव की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। कार्यक्रम का पहला दिन 22 दिसंबर को कमलाकांत नामघर में सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम कमलाकांत नामघर महिला समिति का समर्थन प्राप्त होगा। इसके बाद मंडल कार्यकारिणी की बैठक होगी। यह कार्यक्रम बिश्वनाथ चारियाली म्यूनिसिपल (पौर सभा) हॉल में आयोजित किया जाएगा। 23 दिसंबर, सुबह 8.30 बजे तोरण उद्घाटन, शाखा, स्वर्णपीठ मंडल और स्वागत समिति ध्वजारोहण: शाखा ध्वजारोहण (प्रत्येक जिला अध्यक्ष, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति बिश्वनाथ चारिआली शाखा, असम नाट्य सम्मेलन)करेगें। व्यक्तियों द्वारा कुल 62 ध्वज फहराए किए जाएगें और स्थानीय 251 महिलाओं द्वारा असम नाट्य सम्मेलन का ध्वजारोहण में गीत प्रस्तुति, दोपहर 1 बजे भोजन, 1.45 बजे स्थान, 4.20 बजे: दीप प्रज्ज्वलन और कलागुरु बिष्णु प्रसाद राभा के चित्र पर माल्यार्पण होगें। तदुपरांत स्वर्णपीठ मंडल के प्रतिनिधियों एवं विषय चयन बैठक, सायं 4.45 बजे पूर्ण नाट्य प्रतियोगिता का उद्घाटन, सायं 5.30 बजे पूर्ण नाट्य प्रतियोगिता की प्रथम रात्रि प्रारंभ होगा। 24 दिसंबर प्रात: 8.00 बजे :- सामुदायिक सफाई, प्रात: 9 बजे वृक्षारोपण, प्रात: 11 बजे उद्घाटन समारोह उद्घाटन समारोह एवं स्मारिका पुस्तक का अनावरण होगा। कार्यक्रम को सफलमंडित हेतु आयोजक समिति के अध्यक्ष प्रमोद बारठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बीरेन भगवती, संयुक्त सचिव हेमंत सैकिया और मिलन बोरा और स्वर्णपीठ मंडल के अध्यक्ष हिरण्य हजारिका, कार्यकारी अध्यक्ष हरेन सैकिया और महासचिव योगानंद गोगोई ने आह्वान किया है।

## कछार में बर्मीज सुपारी के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**कछार ( हिंस )।** कछार पुलिस ने बर्मीज (म्यांमार) सुपारी के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। कछार पुलिस ने आज बताया कि दिगोरखाल टोल गेट पर अवैध बर्मीज सुपारी के परिवहन के खिलाफ विशेष अभियान के दौरान भागने की कोशिश कर रहे एक वाहन (एएस-11सीसी-9412) को हिरासत में लिया गया। जांच के दौरान गुप्त कक्षों में 10 क्विंटल संदिग्ध अवैध सुपारी से भरा वाहन पाया गया। इसके अलावा, एक इंट्रा वाहन (एएस-11ईसी-5217) में संदिग्ध सुपारी के 10 बैग भरे हुए थे। लावारिस अवस्था में गुमराह बाजार की एक दुकान के परिसर से बरामद किया गया। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच जारी है।

# असम सरकार ने बंधन बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

### असम सरकार के लिए कर/गैर-कर रसीदें एकत्र करने के लिए समझौता ज्ञापन

**गुवाहाटी ( विभास )।** बंधन बैंक ने आज घोषणा की है कि उसे असम सरकार से ई-जीआरएएस पोर्टल पर राजस्व एकत्र करने का अधिकार प्राप्त हो गया है। इससे असम के लोग सरकारी रसीद लेखा प्रणाली पोर्टल (जीआरएएस) के माध्यम से अपने कर भुगतान के साथ-साथ गैर-कर भुगतान भी कर सकेंगे। इससे असम के लोगों के लिए लेनदेन आसान, कागज रहित और सुलभ हो जाएगा। भुगतान संग्रह प्रक्रिया को संचालित करने के लिए बैंक जल्द ही असम सरकार के साथ एकीकृत होगा। बंधन बैंक लगभग 500 बैंकिंग आउटलेट के साथ असम के सभी 35 जिलों में मौजूद है। उपभोक्ता इस पोर्टल का उपयोग करके गृह कर, वाहन पंजीकरण कर, स्थानीय निकाय कर, जल बिल, असम सरकार द्वारा आयोजित परीक्षा शुल्क, व्यापार लाइसेंस नवीनीकरण सहित अन्य भुगतान कर सकते हैं। असम ई-जीआरएएस पोर्टल के माध्यम से, एक नागरिक 70 विभिन्न विभागों को उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के लिए भुगतान कर सकता है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए असम ई-जीआरएएस पोर्टल के माध्यम से कुल संग्रह लगभग 16, 000 करोड़ रुपए था। बंधन बैंक के सरकारी कारोबार प्रमुख देबराज साहा ने कहा, बंधन बैंक के लिए असम शीर्ष 5 बाजारों में से एक है। असम सरकार द्वारा जनादेश सुरक्षित करना विभिन्न राज्य सरकारों और नियामकों द्वारा बैंक पर दिखाए गए दृढ़ विश्वास और विश्वास का प्रदर्शन है। इस जनादेश के माध्यम से, बैंक को असम के लोगों की सेवा करने का एक और अवसर मिलता है। सरकारी रसीद लेखा प्रणाली (जीआरएएस) एक सुरक्षित वेब एप्लिकेशन है, जो नागरिकों, व्यापारिक समुदाय को इलेक्ट्रॉनिक रूप से सरकार को कर और गैर-कर रसीद का भुगतान करने की सुविधा प्रदान करती है। असम ई-जीआरएएस 24 x 7 सुविधा प्रदान करता है और असम के नागरिक आवश्यक सेवाओं के लिए ई-चालान उत्पन्न कर सकते हैं और कहीं से भी कभी भी ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं।

## नगरबेड़ा के राजस्व चक्राधिकारी ने अवैध ईंट भट्टों पर चलाया अभियान



**नगरबेड़ा ( विभास )।** कामरूप के बोको निर्वाचन क्षेत्र के नगरबेड़ा राजस्व सर्किल के सर्किल अधिकारी बंश्री मालाकार के नेतृत्व में नगरबेड़ा के कालूबाड़ी गांव के पीछे की तरफ अवैध बंगला ईंट भट्टों के खिलाफ आज एक अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में सामने से अवैध ईंट भट्टों को ध्वस्त किया गया। यह पता चला है कि यह अभियान सरकारी भूमि पर लगभग 5-6 ईंट भट्टों पर चलाया गया यह अभियान। इस कार्रवाई में पुलिस और सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर पक्की ईंटों के साथ लाखों रुपए की कच्ची ईंटों को क्षतिग्रस्त किया गया। क्षेत्राधिकारी ने अवैध ईंट भट्टों के मालिक को कड़ी चेतावनी दी। साथ ही ईंट भट्ठा मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, सर्कल अधिकारी ने बताया। इस अभियान के कारण ईंट भट्ठा मालिकों को भारी नुकसान होने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा कि निष्कासन अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

## संतोष कुमार महतो बने अभाभो साहित्य सम्मेलन के पूर्वोत्तर के संयोजक




**विश्वनाथ ( विभास )।** झारखंड के जमशेदपुर विष्टूपुर स्थित तुलसी भवन में आयोजित अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के 27 वें अधिवेशन (स्वर्ण जयंती वर्ष) में देश-विदेश से आए भोजपुरी साहित्यकारों के मौजूदगी में रविवार को समापन सत्र में असम के हिंदी सेवक, प्रचारक, कवि, नवलेखन भोजपुरी के संतोष कुमार महतो को संस्था की नई कार्यकारिणी में *पूर्वोत्तर भारत (असम) के संयोजक* नियुक्त किया गया। इसी कड़ी में अन्य साहित्यकार के साथ असम के विश्वनाथ जिला के विश्वनाथ चारिआलि के हिंदी सेवा व नवलेखन भोजपुरी साहित्य के संतोष कुमार महतो को सर्वप्रथम आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रसेनजित तिवारी ने शोल ओढ़ाकर अभिनंदन किया, इसके बाद प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न, स्मारिका अकियान और भोजपुरी सम्मेलन पत्रिका भेंटकर सम्मानित किया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का घोषणा किया गया, जिसमें पूर्वोत्तर भारत के संयोजक पद असम के विश्वनाथ चारिआलि के शिक्षक संतोष कुमार महतो को प्राप्त हुआ। संतोष कुमार महतो ने बताया कि असम में निवास व कर्मभूमि होने के कारण सर्वप्रथम मेरी मातृभाषा भोजपुरी के लिए साहित्य सेवा करने की शुरुआत इसी संस्था से होगी। वर्तमान अध्यक्ष डॉ. ब्रजभूषण मिश्र, कार्यकरी अध्यक्ष डॉ. महामाया प्रसाद विनोद, महामंत्री डॉ. जयकांत सिंह बने हैं और पूर्वोत्तर भारत (असम) का संयोजक का प्रभार मुझे दिया गया है। जनजाहिर है कि अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन भोजपुरी की एकमात्र ऐसी गौरवशाली संस्था है जिसका नेतृत्व महान विभूति डॉ. उदय नारायण तिवारी, आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, आचार्य देवेंद्र नाथ शर्मा आदि विद्वानों ने किया।

# कलश यात्रा के साथ माहेश्वरी भवन में श्री राम कथा शुरू

**गुवाहाट ( विभास )।** छत्रीबाड़ी स्थित असम माहेश्वरी भवन में आज से नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर बृहस्पतिवार की सुबह श्री गौहाटी गौशाला से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें डेढ़ सौ से अधिक महिलाओं के अलावा पुरुषों एवं बच्चों ने भी हिस्सा लिया। इससे पूर्व गौशाला प्रांगण स्थित हनुमान मंदिर में कथावाचक ब्रह्मचारी शिवेंद्र स्वरूप महाराज के सानिध्य में आयोजक श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल की उपस्थिति में डॉ. दिनेश-मधू अग्रवाल व सीए राजेश-रश्मी अग्रवाल ने राम चरित मानस की पूजा अर्चना करवाई। तत्पश्चात पवित्र रामचरित मानस ग्रंथ को सिर पर रखकर डॉक्टर दिनेश मधु अग्रवाल कलश यात्रा की अगवाई कर रहे थे। कलश यात्रा गौशाला प्रांगण की परिक्रमा करते हुए आठगांव के रास्ते आयोजन स्थल छत्रीबाड़ी स्थित माहेश्वरी भवन पहुंची, जहां सभी महिलाओं ने अपने माथे पर रखे कलश को विधिवत



विराजमान किया। वही सब अनुसार दोपहर लड़ाई बजे से कथा का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर व्यासपीठ पर कथावाचक ब्रह्मचारी शिवेंद्र स्वरूप महाराज विराजमान थे। कथा के पहले दिन आज महाराज ने श्रीराम कथा महिमा का वर्णन किया। मालूम हो की माहेश्वरी भवन में आगामी 29 दिसंबर तक श्री राम कथा का आयोजन दैनिक दोपहर 2.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक किया जा रहा रहा हैं। आयोजक श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल, डॉ. दिनेश-मधू अग्रवाल व सीए राजेश-रश्मी अग्रवाल ने सभी धर्म अनुयायियों से नौ दिवसीय आयोजन में उपस्थित होकर संगीतमय राम कथा श्रवण करने का आग्रह किया है।

অসম লোকসেৱা আয়োগ
**ASSAM PUBLIC SERVICE COMMISSION**
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-781022.

No.46PSC/DR-80/1/2023-24

**NOTIFICATION**

It is for Information to all concerned that the Assam Public Service Commission will hold the Written Examination (OMR Based & Conventional) for recruitment to the post of **Cultural Development Officer in the Directorate of Cultural Affairs, Assam under Cultural Affairs Department (Advt. No. : 25/2023, dated: 05-09-2023)** on **07-01-2024 (Sunday)** as per programme given below :

**PROGRAMME OF DESCRIPTIVE TYPE WRITTEN EXAMINATION**

| Name of Post and Deptt. | Date of Interview | Time of Document Verification | Time of Interview |
|---|---|---|---|
| Cultural Development Officer in the Directorate of Cultural Affairs, Assam under Cultural Affairs Department | 07-01-2024 (Sunday) | **PAPER - I General Studies** (OMR based objective type) | **PAPER - II Language (English/Assamese / Bodo/Bengali)** (Conventional Type) |

The Commission has decided to allow all the candidates to appear in the Written Examination (OMR Based & Conventional) to be held on **07-01-2024.** The Commission would like to clarify that it reserves the right to cancel the candidature of any candidate on verification/Scrutiny of their application form at any time or any stage after the Written Examination, if it is found that they do not fulfill any of the eligibility conditions as per term of **Advt. No.: 25/2023, dated: 05-09-2023.**

No intimation letter to the eligible candidates shall be sent separately by post. The list of candidates shall be uploaded on **26-12-2023** and intimation letters on 29-12-2023 respectively in the Commission's official website **(www.apsc.nic.in).** The candidates shall have to download their own intimation letter from the aforesaid website.

**PwBD candidates willing to apply for scribe for the said written examination may inform in writing with supporting documents to the Commission or send mail to apsc-asm@nic.in on or before 30-12-2023.**

Sd/-
Deputy Secretary,
Assam Public Service Commission
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22

*-- Janasanyog /D/ 15085 / 23*

संपादकीया

# तपोवन के तट पर

**धरातल** पर लाने की कशिश में, हर कोशिश का सफर जिंदा है। तपोवन विधानसभा परिसर हिमाचल की राजनीति का धरातल देखता है तथा उस कोशिश को निहारता है जिसके सदके सरकारें यहां सदन के संकल्प को आहूत करती हैं। शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन विपक्ष के गले में लटकी तख्तियां, सरकार के सामने कई आईने खड़ा कर रही थीं, तो गारंटियों की पोशाक में प्रदेश की प्राथमिकताओं का हवाला चिन्हित है। जाहिर तौर पर तपोवन के ग्रंथ में इतनी तो इबादत है कि हर सरकार के तहखानों का सच गूंजता है अफसाने में। एक सीमित सत्र की असीमित संभावना से लटके मुद्दे और कारवां पूरी राजनीति का बनकर उभरता है, तो उस चितेरे को याद करना होगा जो कुछ दशकों के हिसाब में धर्मशाला के पड़ाव को अहमियत प्रदान करता है। वीरभद्र सिंह ने शीतकालीन प्रवास की प्रथा के आगाज को शीतकालीन सत्र के अंदाज तक आते-आते राज्य के घटनाक्रम का साक्षी बना दिया। जो सवाल शिमला के सत्र में अधूरे रहते, वे धर्मशाला के पत्र में पूरे किए जाते हैं। यहां गुनगुनी धूप में कांगड़ा घाटी के रंग खुलते हैं, लेकिन इस सबब में पारदर्शिता नहीं, 'अब तो बस गुजर जाने का एक रास्ता बन गया, वरना मंजिलें यहां भी वक्त के इंतजार में साथ थीं।' कुछ तो कर्ज रहा होगा हर सरकार में, इसलिए पूजे गए पत्थर गरीब की झोंपड़ी तक। हिमाचल की राजनीति में क्या महल और क्या झोंपड़ी, हर सरकार को कर्जदार होकर अपने वजूद को सुनहरा दिखाना है। कभी-कभी या हर बार सत्ता का एक सुनहरा महल दिखाई देता है, लेकिन कांगड़ा की गरीब झोंपड़ी में हमेशा सत्तारूढ़ दल क्यों उदास लगता है। प्रश्न बहुत होंगे तेरे दामन में मगर, इन लबादों से ढांपे नहीं जाएंगे। पदों की प्रतिष्ठा में लबादे तो टंग गए, लेकिन उन फैसलों, फरमाइशों और देनदारियों का क्या होगा, जो एक साथ दस विधायक देने वाले कांगड़ा को हमेशा फकीर बना देता है। बहरहाल तपोवन की समीक्षा में बहस की खिड़कियां उसको निहार रहीं जिसके करीब कभी ऐसा सचिवालय बना जहां सरकार को चंद रोज बैठकर निचले हिमाचल की धडक़नें सुननी थी। अब तो शीतकालीन सत्र भी बर्फ का तोंदा लगता है, जो शिमला से लुढक़ बहुत कुछ रौंद कर चुपचाप निकल जाता है। यहां घाटियों की अनुगूंज में विपक्षी टोलियों का हुजूम और सामने सरकार के नजारों में तपोवन का वजूद पूछ रहा है कि किसके सिक्के खोटे और किसके खोटे सिक्के चल गए। ऐसे में प्रश्न उन सिक्कों का जो हिमाचल के खजाने को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार के हर वक्तव्य को अपना आदर्श मानते हैं। यहां प्रश्न सुक्खू सरकार बनाम जयराम ठाकुर का विपक्ष नहीं है, बल्कि कर्जदार हिमाचल-बेरोजगार हिमाचल का है। रुह में वाटर सेस का अरमान लिए सुक्खू सरकार अगर आत्मसम्मान की किश्ती पे निकली है, तो हमें हर खड्ड, नदी और नाले में बहते पानी की आवाज सुननी चाहिए। ऐसा क्यों है कि वाटर सेस पर प्रदेश के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार पर भाजपा का सौहार्द दिल्ली के स्वार्थ के साथ मिलकर राजनीति हो गया। सुक्खू सरकार ने आत्मनिर्भरता के चिंतन में वाटर सेस चुना तो इसकी वकालत पड़ोसी उत्तराखंड की हकीकत से भी कमजोर करके भाजपा आखिर क्या संकेत देना चाहती है। इसी तरह केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर की मिट्टी का यह कौनसा परीक्षण, जो वर्तमान सरकार के पैमानों में अपना दर्द भर रहा है। अब पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री रहे वह शांता कुमार भी आजिज हैं, जो आपदा के दुख में सुक्खू सरकार की प्रशंसा करते रहे। तपोवन से जदरांगल या जदरांगल से तपोवन के बीच सिर्फ तीस करोड़ की कुंडली का समाधान चाहिए और यह फासला अगर नहीं टूटा तो शंकाओं के घमासान में सरकार के इरादों पर कहीं ओस की बूंदें दिखाई देंगी। इसमें दो राय नहीं कि हिमाचल सरकार ने कई फ्लैगशिप योजनाएं तैयार की हैं और इन्हीं का उल्लेख करते मुख्यमंत्री अगर ऊर्जा क्षेत्र को वरीयता देते हैं तो ग्रीन एनर्जी में उनके संकल्प बुलंद होते हैं। सरकारें अपने एक्शन और योजनाओं के कार्यान्वयन से जानी जाती हैं। इस दिशा में कदमों की पड़ताल जरूरी है और तपोवन साबित करेगा कि उसने क्या और कितना जाना है सरकार को। तपोवन के तट पर कई किनारे, कई छोर हैं। यह सारे छोर अगर सरकार को समेटने हैं तो कहीं हिमाचल के लिए सत्ता और विपक्ष को भी एकजुट किनारे बनाने होंगे। फिलहाल सरकार अपनी पेशकश के मंच पर ई-वाहनों के जरिए अपने नवाचार से बेरोजगारों को कमाई का साधन और खजाने को बचाने का विकल्प दे रही है। तपोवन के तट पर कहीं कांगड़ा एयरपोर्ट के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिज्ञा, परिकल्पना और उम्मीदें किसी सारथी की तरह सरकार और मुख्यमंत्री को एक नई भूमि और भूमिका के साथ खड़ा तो कर ही रही हैं।

शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन विपक्ष के गले में लटकी तख्तियां, सरकार के सामने कई आईने खड़ा कर रही थीं, तो गारंटियों की पोशाक में प्रदेश की प्राथमिकताओं का हवाला चिन्हित है। जाहिर तौर पर तपोवन के ग्रंथ में इतनी तो इबादत है कि हर सरकार के तहखानों का सच गूंजता है अफसाने में। एक सीमित सत्र की असीमित संभावना से लटके मुद्दे और कारवां पूरी राजनीति का बनकर उभरता है, तो उस चितेरे को याद करना होगा जो कुछ दशकों के हिसाब में धर्मशाला के पड़ाव को अहमियत प्रदान करता है। वीरभद्र सिंह ने शीतकालीन प्रवास की प्रथा के आगाज को शीतकालीन सत्र के अंदाज तक आते-आते राज्य के घटनाक्रम का साक्षी बना दिया। जो सवाल शिमला के सत्र में अधूरे रहते, वे धर्मशाला के पत्र में पूरे किए जाते हैं।

### अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्रोत सूर्य, हवा और पानी से बिजली बनाने के उपाय सुझाए गए

# जीवाष्म ईंधन पर नियंत्रण के उपायों तक सिमटा दुबई जलवायु सम्मेलन

प्रमोद भार्गव


संकट से निपटने के उपायों को तलाशने की दृष्टि से 198 देश दुबई जलवायु सम्मेलन कॉप-28 में एकत्रित हुए। परिचर्चाओं और वाद विवाद से निकले निष्कर्ष के तहत कोयला, तेल और गैस अर्थात जीवाश्म ईंधन का उपयोग धीरे-धीरे खत्म करना है। लेकिन विकासशील देश इस बात को लेकर थोड़े असहमत रहे कि इस समझौते की जो शर्तें हैं, एक तो वे पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं, दूसरे उन्हें अमीर देशों की आर्थिक मदद के बिना उसे पूरी करना आसान नहीं होगा। इस सम्मेलन का एक ही प्रमुख लक्ष्य था कि दुनिया उस रास्ते पर लौटे, जिससे बढ़ते वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक केंद्रित किया जा सके।




**धरती** पर रहने वाले जीव-जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन के वर्तमान और भविष्य में होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। मनुष्य और जलवायु बदलाव के बीच की दूरी निरंतर कम हो रही है। अतएव इस संकट से निपटने के उपायों को तलाशने की दृष्टि से 198 देश दुबई जलवायु सम्मेलन कॉप-28 में एकत्रित हुए। परिचर्चाओं और वाद विवाद से निकले निष्कर्ष के तहत कोयला, तेल और गैस अर्थात जीवाश्म ईंधन का उपयोग धीरे-धीरे खत्म करना है। लेकिन विकासशील देश इस बात को लेकर थोड़े असहमत रहे कि इस समझौते की जो शर्तें हैं, एक तो वे पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं, दूसरे उन्हें अमीर देशों की आर्थिक मदद के बिना उसे पूरी करना आसान नहीं होगा। इस सम्मेलन का एक ही प्रमुख लक्ष्य था कि दुनिया उस रास्ते पर लौटे, जिससे बढ़ते वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक केंद्रित किया जा सके। 100 से ज्यादा देश 2030 तक दुनिया की नवीनीकरण योग्य ऊर्जा को बढ़ा कर तीन गुना करने पर सहमत भी हो गए। इसके अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्रोत सूर्य, हवा और पानी से बिजली बनाने के उपाय सुझाए गए हैं। इस सिलसिले में प्रेरणा लेने के लिए उरुग्वे जैसे देश का उदाहरण दिया गया, जो अपनी जरूरत की 98 फीसदी ऊर्जा इन्हीं स्रोतों से प्राप्त करता है। लेकिन यह एक अपवाद है, हकीकत यह है कि यूक्रेन-रूस तथा इजरायल-हमास के बीच चलते भीषण युद्ध के कारण कोयला जैसे जीवाश्म ईंधन से ऊर्जा उत्पादन का प्रयोग बढ़ा है और बिजली उत्पादन के जिन कोयला संयंत्रों को बंद कर दिया गया था, उनका उपयोग फिर से शुरू हो गया है। पर्यावरण विज्ञानियों ने बहुत पहले जान लिया था कि औद्योगिक विकास से उत्सर्जित कार्बन और शहरी विकास से घटते जंगल से वायुमंडल का तपमान बढ़ रहा है, जो पृथ्वी के लिए घातक है। इस सदी के अंत तक पृथ्वी की गर्मी 2.7 प्रतिशत बढ़ जाएगी, नतीजतन पृथ्वीवासियों को भारी तबाही का सामना करना पड़ेगा। इस मानव निर्मित वैश्विक आपदा से निपटने के लिए प्रतिवर्ष एक अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन जिसे कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी/कॉप) के नाम से भी जाना जाता है। इस बार सीओपी की 28वीं बैठक दुबई में संपन्न हुई। सम्मेलन में बहुत कुछ नया नहीं हुआ। लगभग पुरानी बातें दोहराई गई। पेरिस समझौते के तहत वायुमंडल का तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के प्रयास के प्रति भागीदार देशों ने वचनबद्धता भी जताई। लेकिन वास्तव में अभी तक 56 देशों ने संयुक्त राष्ट्र के मानदंडों के अनुसार पर्यावरण सुधार की घोषणा की है। इनमें यूरोपीय संघ, अमेरिका, चीन जापान और भारत भी शामिल है। लेकिन रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और फिलिस्तीन युद्ध के चलते नहीं लगता कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण नवीकरणीय ऊर्जा को जो बढ़ावा दिया जा रहा है, वह स्थिर रह पाएगा। क्योंकि जिन देशों ने वचनबद्धता निभाते हुए कोयला से ऊर्जा उत्सर्जन के जो संयंत्र बंद कर दिए थे, उन्हें रूस द्वारा गैस देना बंद कर दिए जाने के बाद फिर से चालू करने की तैयारियां हो रही हैं। 2018 ऐसा वर्ष था, जब भारत और चीन में कोयले से बिजली उत्पादन में कमी दर्ज की गई थी। नतीजतन भारत पहली बार इस वर्ष के 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक' में शीर्ष दस देशों में शामिल हुआ है। वहीं अमेरिका सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल हुआ था। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 'कॉप 25' जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में यह रिपोर्ट जारी की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार 57 उच्च कार्बन उत्सर्जन वाले देशों में से 31 में उत्सर्जन का स्तर कम होने के रुझान इस रिपोर्ट में दर्ज थे। इन्हीं देशों से 90 प्रतिशत कॉर्बन का उत्सर्जन होता रहा है। इस सूचकांक ने तय किया था कि कोयले की खपत में कमी सहित कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक बदलाव दिखाई देने लगे हैं। इस सूचकांक में चीन में भी मामूली सुधार हुआ था। नतीजतन वह तीसवें स्थान पर रहा था। जी-20 देशों में ब्रिटेन सातवें और भारत को नवीं उच्च श्रेणी हासिल हुई है। जबकि आस्ट्रेलिया 61 और सऊदी अरब 56वें क्रम पर हैं। अमेरिका खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में इसलिए आ गया है, क्योंकि उसने जलवायु परिवर्तन की खिल्ली उड़ाते हुए इस समझौते से बाहर आने का निर्णय ले लिया था। दुबई सम्मेलन में भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन निजी तौर पर शामिल नहीं हुए। लेकिन उनके जलवायु प्रतिनिधि जॉन कैरी ने मीथेन गैस का उत्सर्जन कम करने का भरोसा जताया। यही स्थिति चीन की रही। चीन और अमेरिका का इस सम्मेलन से दूर रहना इसलिए नागवार है, क्योंकि यही देश सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले देश हैं। हकीकत है कि अमेरिका ने वास्तव में कॉर्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण के कोई प्रयास ही नहीं किए। दुनिया की लगभग 37 प्रतिशत बिजली का निर्माण थर्मल पावरों में किया जाता है। इन संयंत्रों की भट्टी में कोयले को झोंका जाता है, तब कहीं जाकर बिजली का उत्पादन होता है। दो युद्धों के चलते कोयले से बिजली उत्पादन पर निर्भरता बढ़ती दिखाई दे रही है। ब्रिटेन में हुई पहली औद्योगिक क्रांति में कोयले का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 1500 ईंसवीं में बड़ी मात्रा में कोयले के उत्खनन की शुरुआत हुई थी। इसके बाद जिन देशों में भी कारखाने लगे, उनमें लकड़ी और कोयले का प्रयोग लंबे समय तक होता रहा। दुनिया की रेलें भी कोयले से ही लंबे समय तक चलती रही हैं। भोजन पकाने, ठंड से बचने और उजाले के उपाय भी लकड़ी जलाकर किए जाते रहे हैं। अतएव धुएं के बड़ी मात्रा में उत्सर्जन और धरती के तापमान में वृद्धि की शुरुआत औद्योगिक क्रांति की बुनियाद रखने के साथ ही आरंभ हो गई थी। इसके बाद जब इन दुष्प्रभावों का अनुभव पर्यावरणविदों ने किया तो 14 जून 1992 में रियो डी जनेरियो में पहला अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन के परिणामस्वरूप जापान के क्योटो शहर में 16 फरवरी 2005 को पृथ्वी के बढ़ते तापमान के जरिए जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए क्योटो प्रोटोकॉल अंतरराष्ट्रीय संधि अस्तित्व में आई। इस संधि में शामिल देशों ने ग्रीन हाउस अर्थात मानव उत्सर्जित गैसों को कम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दुनिया के विज्ञानियों ने एक राय होकर कहा कि मानव निर्मित गैस सीओ-2 के उत्सर्जन से धरती का तापमान बढ़ रहा है, जो जीवाष्म ईंधन का पर्याय है। 192 देशों ने इस संधि पर हस्ताक्षर किए हुए हैं।

दृष्टि कोण

# कांग्रेस के सामने उभरी नई चुनौतियां



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा पहले से खाली चल रहे मंत्रिमंडल के तीन में से दो पदों पर विधायकों की ताजपोशी होने से जहां मंत्री बने विधायकों के समर्थकों में खुशी की लहर है, तो वहीं कुछ विधायक मन मसोस कर भी रह गए हैं। पूर्व मंत्री एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा अपनी फेसबुक वॉल पर लिखते भी हैं कि, 'युद्धं निरन्तरं भवति, दैवेन सह, कालेन सह, अस्माभिः सह।' अर्थात लड़ाई जारी है, भाग्य से, वक्त से, अपने आप से। जाहिर है जब राजनीति में हैं तो कौन नेता व विधायक मंत्री नहीं बनना चाहेगा? कोई भजन-कीर्तन करने तो आए हुए नहीं हैं। लेकिन आम पब्लिक की क्या कहें,

**हिमाचल** प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 11 दिसंबर को एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया। राज्य स्तरीय समारोह का जश्न मनाने के लिए तमाम कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा धर्मशाला में लगा। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने सरकार के एक साल के कार्यकाल को पूरी तरह नाकाम बताया और शिमला में विरोध प्रदर्शन किया। रोजाना अखबारों की सुर्खियों में बने रहने की कवायद करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को लगता है कि सुक्खू सरकार के पास जश्न मनाने की कोई खास वजह नहीं है। हालांकि सुक्खू सरकार पुरानी पेंशन बहाली जैसे अहम फैसले को लागू भी कर चुकी है और हालिया आपदा का समुचित प्रबंधन भी किया है, तथापि जयराम ठाकुर दावा कर रहे हैं कि सरकार सिर्फ और सिर्फ नाकामियों का जश्न मना रही है। दूसरी तरफ आजकल भारत में गारंटियां देने की होड़-सी मची हुई है। आम आदमी पार्टी से शुरू हुआ सिलसिला अब सभी राजनीतिक दलों को खूब आंदोलित करता नजर आता है। इधर अपने मुख्यमंत्रित्व काल का एक साल पूरा होने के अगले ही दिन वह तो रामचरितमानस की यह चौपाई ही गुनगुना सकती है कि, 'कोउ नृप होउ हमहि का हानी', अर्थात किसी के मंत्री पद, धन या अधिकार मिलने से हमें क्या? हमें तो दो जून की रोटी कमाने के लिए मेहनत मशक्कत करनी ही होगी। पिछले कुछ समय से भारत के कई राज्यों में हर पांच वर्ष के बाद सरकार बदलने की रीत-सी चल पड़ी है और हिमाचल भी इस परिपाटी से अछूता नहीं है। लिहाजा अब कुछ नया होगा या नया करके दिखाने की गारंटी होगी, तभी जनता जनार्दन की नजरें इनायत होंगी और पढ़े-लिखे, सजग एवं जागरूक हिमाचलियों से ऐसी उम्मीद तो बंधती भी है कि वे दूध का दूध और पानी का पानी कर दें। इधर सुक्खू सरकार को भी अपनी दी हुई गारंटियों को पूरा करके दिखाना है, लेकिन प्रदेश के माली हालात ऐसे नहीं हैं कि सभी गारंटियों को एकदम से सिरे चढ़ाया जा सके। सीएम सुक्खू कहते भी हैं कि पिछली सरकार से वर्तमान राज्य सरकार को विरासत में लगभग 75 हजार करोड़ रुपए का कर्ज मिला है। वह बार-बार यह वक्तव्य भी दोहराते हैं कि वह सत्ता में सत्ता सुख के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए हैं। उनका कहना है कि मेरे परिवार का कोई भी व्यक्ति राजनीति में नहीं रहा, इसलिए मन में वंचित वर्ग तक सरकार की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की सोच है। अब अगले 5-6 महीनों के भीतर लोकसभा के चुनाव भी होने हैं। प्रदेश सरकार भाजपाई चुनौती से कैसे दो-दो हाथ करेगी, इसके लिए प्रदेश नेतृत्व को अपने कुनबे को न केवल संभालने की जरूरत रहेगी, बल्कि जिन्हें मंत्री पद नहीं मिल पाया है, उन्हें शीघ्र ही मंत्रालय या किसी बड़े विभाग, बोर्ड या निगम की सरदारी देनी होगी। कांग्रेस को संगठन स्तर पर भी बड़े बदलावों को सरंजाम देना होगा, क्योंकि भाजपा के मुकाबले कांग्रेस के पास समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ताओं का नितांत अभाव है और कांग्रेस के कुछ विधायक या स्वयंभू नेता अपने-अपने क्षेत्रों में खुद को ही सम्पूर्ण कांग्रेस मानने का भ्रम पाले रहते हैं, जिनके इर्द-गिर्द चंद स्वार्थी और ठेकेदार प्रवृत्ति के लोग उन्हें वास्तविक शुभचिंतक होने की झूठी तसल्ली देकर अपना हित साधते रहते हैं। इन हालात में जनता से कटे ये विधायक या नेता किस प्रकार से लोकसभा की चारों सीटों को निकाल पाएंगे, जहां उनकी चुनौती भाजपा से बढक़र प्रधानमंत्री मोदी से है।

कुछ अलग

# आईना घर से झांकते सत्य

**वह** आदमकद आईने में अपना चेहरा देख कर मुस्करा देते हैं। जब-जब वह इस प्रकार आईने में झांकते हैं, उन्हें लगता है कि केवल वह ही नहीं, उनकी सारी रियाया उन्हीं के आईने में से झांकती हुई उनके साथ मुस्करा रही है। ठीक है, इसे वह इस लोकतांत्रिक युग में अपनी कोई छुपी साम्राज्यवादी प्रवृत्ति दिखा कर उन्हें मंच से कभी अपनी रियाया नहीं कहेंगे, बल्कि दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतंत्र की रियाया कहेंगे। कितना संतोष होता है कि इस बिगड़े समय में भी जब-जब कोई नेतागिरी का सर्वेक्षण होता है, उन्हें सबसे लोकतंत्र नेता करार दे दिया जाता है। आईने की कृपा से मापने के पैमाने थोड़े से और विस्तृत होते जा रहे हैं, इसलिए उन्हें लगता है, वह इस देश ही नहीं, पूरी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। अब इन पैमानों के नजर बचा लेने की ही बात है। ललमुंहे अंग्रेजों का देश, कि जिनके साम्राज्य में कभी सूरज नहीं डूबता था, आज वह कब उगता है? कब डूब जाता है? कुछ पता नहीं ही चलता। दुनिया में इस महामारी से लडऩे के लिए टीका हमने बनाया, लेकिन कमबख्त इसके बावजूद हमारी नेतागिरी को ग्रहण लग गया। ये सर्वेक्षण बताते हैं कि हम तो लोकप्रियता खोने की कुछ और मंजिलें तय कर गए। किस शत्रु ने बता दिया कि हम दुनिया के सबसे अलोकप्रिय नेता बन गए? अरे अलोकप्रियता की घोषणा करनी थी तो क्यों अपने को दुनिया का सबसे धनी देश कहने वालों के नेता के अलोकप्रिय होते चले जाने की घोषणा कर देते। वह तो चुनाव हार गए थे, चाहे काफी दिन तक अपनी पराजय स्वीकार न करने का तैश उन्होंने रखा। वे अगले चुनाव के लिए गद्दी संभालने वास्ते लंगर लंगोटे भी कस रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय से राष्ट्रीय पर चलें। जनाब वह राजनीति के खेल निराले हैं, जिनके नारे चल निकले, वह सबसे लोकप्रिय हो गए। जबकि महामारियों ने कई देशों का हुलिया हमारे देश की तरह ही बिगाड़ा। यहां काम-धंधा सब उखड़ गया। लोग रिकार्ड स्तर पर बेकार हो गए, महंगाई की बुलंदियों का अंत नहीं, भ्रष्टाचार अब भी शबाब पर है। भ्रष्टाचार का नया सूचकांक आ गया है। यहां अपने देश को लेकर भ्रष्टाचार के उसी पायदान पर खड़े हैं, जहां इससे पहले बरसों में खड़े थे। दुनिया के सबसे बड़े रिश्वतखोर देशों में उनकी गिनती होने लगी, लेकिन उनके आईने में उभरती उनकी चौड़ी मुस्कान में तनिक भी अंतर नहीं आया। जनाब हमें तो इस भीड़ के देश में गरीबी और गुरबत में जीने की आदत हो गई है। सुनिए, पिछले दिनों तो अपने यहां रिश्वत, दलाली और कमीशनखोरी को कानूनी जामा पहनाने का भी प्रयास हुआ, जो फिलहाल असफल है, लेकिन असफल हुए तो क्या हुआ? कानून को आजकल मानता कौन है? बस उम्मीदों के चौबारे ऊंचे होते रहने चाहिएं, उनके निवेश की बड़ी-बड़ी मेजों का उच्छिष्ठ खाकर भी अपने देश की भूखी-नंगी भीड़ पल जाएगी। यहां कम्पनी बहादुर ने राज्यशाही का चंवर ओढ़ कर इतने बरस शासन कर लिया। हमें इस देश की राई रत्ती पता है। हम तो भई स्वप्नजीवी लोग हैं। जो जनता को अच्छे सपने दिखा सके, बदलाव के नए नारे दे सके, क्रांति के दिवास्वप्न साकार कर देने का वायदा कर सके, वही उनका सबसे लोकप्रिय नेता होता है। आईने में अपना चेहरा देख कर मुस्कराते हुए नेता फिर सोचते हैं, और अपनी अद्भुत भाषण कला से लोगों में एक नया ओज भर देने का विश्वास श्रोताओं की भीड़ में उलीच देते हैं। देश के धरतीपुत्रों के भोलेपन पर उन्हें हंसी आती है। वे क्यों नहीं समझते कि ये सब उनके भले के लिए ही तो कर रहे हैं।

देश दुनीया से

# वैश्विक लोकप्रियता के साथ ही विश्वसनीयता में भी सबसे आगे हैं पीएम नरेंद्र मोदी

आज की तारीख में लोकप्रियता में दुनिया के दिग्गज नेताओं में शीर्ष पर कोई नेता है तो वह भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन या रुस के पुतिन हो या अमेरिका के ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के आसपास भी नहीं टिकते है। अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मार्निंग कंसल्ट द्वारा इसी माह की शुरुआत में करवाये गए सर्वें में यह साफ हो गया है कि सर्वें में हिस्सा ले रहे दुनिया के देशों के लोगों में 76 फीसदी लोगों की पंहली पसंद नरेन्द्र मोदी रहे हैं। लोकप्रियता में नकारने वाले भी केवल 18 फीसदी ही है जबकि 6 फीसदी ने अपनी कोई राय उजागर नहीं की है। इससे पहले अमेरिकी थिंक टेंक प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के 10 में से 8 व्यक्ति नरेन्द्र मोदी के प्रति सकारात्मक राय रखते हैं।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी पर विरोधियों द्वारा लाख आरोप प्रत्यारोप लगाये जाते रहे हो पर इसमें कोई दो राय नहीं कि आज की तारीख में लोकप्रियता में दुनिया के दिग्गज नेताओं में शीर्ष पर कोई नेता है तो वह भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन या रुस के पुतिन हो या अमेरिका के ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के आसपास भी नहीं टिकते है। अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मार्निंग कंसल्ट द्वारा इसी माह की शुरुआत में करवाये गए सर्वें में यह साफ हो गया है कि सर्वें में हिस्सा ले रहे दुनिया के देशों के लोगों में 76 फीसदी लोगों की पंहली पसंद नरेन्द्र मोदी रहे हैं। लोकप्रियता में नकारने वाले भी केवल 18 फीसदी ही है जबकि 6 फीसदी ने अपनी कोई राय उजागर नहीं की है। इससे पहले अमेरिकी थिंक टेंक प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के 10 में से 8 व्यक्ति नरेन्द्र मोदी के प्रति सकारात्मक राय रखते हैं। यानी कि देश के 80 फीसदी लोग नरेन्द्र मोदी में विश्वास रखते हैं। 55 फीसदी लोगों की पहली पंसद नरेन्द मोदी है। देश की केवल 20 फीसदी आबादी नरेन्द्र मोदी को पसंद नहीं करती है। लोकप्रियता की सूची में मजे की बात यह है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इस लोकप्रियता की श्रेणी में 8 वें पायदान पर हैं। दरअसल विश्वव्यापी लोकप्रियता अर्जित करना कोई सामान्य बात नहीं होती है। हमारे देश के लिए तो यह और भी गर्व की बात हो जाती है कि हमारे नेता की लोकप्रियता दुनिया में पहले पायदान पर है। मजे की बरत यह है कि लोकप्रियता के साथ ही विश्वसनीयता में भी सबसे आगे हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि लोकप्रियता में अव्वल आना इस मायने में बड़ी बात हो जाती है कि 76 फीसदी को मतलब साफ है कि यह लोकप्रियता का कोई मामूली आंकड़ा नहीं है अपितु लोकप्रियता के दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिकों के राष्ट्रपति एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर से पूरे दस प्रतिशत अधिक है। यानी कि नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का आंकड़ा 76 फीसदी है तो दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति की लोकप्रियता का आंकड़ा 66 फीसदी यानी कि दस फीसदी कम है। सूची के अनुसार तीसरे पायदान पर स्विट्जरलैंड, चौथे पर ब्राजील, पांचवें पर आस्ट्रेलिया और छटे पायदान पर इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी रही है। मेलोनी जिसको लेकर पिछले दिनों सोशियल मीडिया पर एक से एक मीम्स चलाये जा रहे थे उनके और नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में पूरे 35 फीसदी का अंतर है। देखा जाये तो नरेन्द्र मोदी का एग्रेसिव रवैया ही उनकी लोकप्रियता का बड़ा कारण है। कठोर से कठोर और कड़े से कड़े निर्णय भी एक झटके में लेने की क्षमता और मोव को अपने पक्ष में करने क्षमता ही नरेन्द्र मोदी का लोकप्रियता के शिखर पर पंहुचाती है। वैश्विक सम्मेलनों और मंचों पर ऐसा लगता है जैसे दुनिया के देशों का नेतृत्व नरेन्द्र मोदी ही कर रहे हो। बॉडी लैंग्वेज ही ऐसी कि लगता यही है कि जैसे आज की तारीख में विश्व के नेताओं के कोई लीडर दिखाई देते है तो वह नरेन्द्र मोदी ही लगते हैं। भले ही इतर राय रखने वाले कुछ भी कहे या कुछ भी मनोभाव रखे पर अभी तो जो कुछ दिख रहा है वह साफ है और नरेन्द्र मोदी की सर्वमान्य नेता के रुप में भी प्रतिस्थापित करता है। अब मोदी विरोधी इसका कारण मोदी की एग्रेसिव मार्केटिंग, मीडिया मैनेजमेंट, तथ्यों के साथ तोड़ मरोड़ या कुछ भी कहे पर अंततोगत्वा जो दिख रहा है या जो सर्वे रिपोर्टस में आ रहा है या जैसा देशवासी अनुभव कर रहे हैं उसे सिरे से नकारा नहीं जा सकता। अब इस यों भी समझा जा सकता है कि कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करने का निर्णय और दुनिया के देशों द्वारा उफ भी नहीं करना अगले की कूटनीतिक क्षमता को सिद्ध करता है। पाकिस्तान और चीन को अलग थलग करना हो या फिर रुस यूक्रेन युद्ध या इजरायल हमास युद्ध कहीं भी नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं हुआ। विरोधी देशों के संकट के दौरान सहायता में सबसे आगे रहना, अरब देषों को भी भारत के पक्ष में बनाये रखना, अमेरिका और रुस दोनों को ही साधे रहना अपने आप में बड़ी बात है। कोरोना दौर में भारतीय वैक्सीन के माध्यम से दुनिया के देशों के मानव इतिहास के सबसे बड़े संकटकाल में सहभागी के रुप में आगे आना लोकप्रियता और विश्वसनीयता बनाए रखने की बड़ी सफलता है।



आप का नजरीया

# 'इंडिया' चला अढाई कोस

**विपक्षी** गठबंधन 'इंडिया' की चौथी बैठक के बाद कहा जा सकता है कि वह कुछ सक्रिय हुआ है, कुछ फैसले लिए गए हैं, चुनाव जीतने की ललक जगी है और पहली बार प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर मल्लिकार्जुन खडग़े का नाम उभरा है। हालांकि गठबंधन का साझा न्यूनतम कार्यक्रम, सचिवालय, प्रतीक चिह्न आदि अभी विचाराधीन हैं, लेकिन संयोजक या प्रधानमंत्री चेहरे का प्रस्ताव बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने रखा, जिसे आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल समेत 12 दलों के नेताओं ने अनुमोदित किया। ममता-केजरीवाल ने यह निर्णय कांग्रेस को बताए बिना ही लिया था। उनकी रणनीति थी कि यदि देश के सामने प्रथम दलित प्रधानमंत्री और एक बेदाग छवि वाले, अनुभवी नेता को पेश किया जाए, तो गठबंधन के पक्ष में जनमत तैयार करने में सुविधा होगी, लेकिन सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी ने मीडिया के सामने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री चेहरे पर कोई चर्चा ही नहीं हुई। ऐसे विरोधाभास 'इंडिया' की एकजुटता पर सवाल करते हैं। बहरहाल कांग्रेस अध्यक्ष खडग़े ने प्रधानमंत्री चेहरे के मुद्दे को अस्वीकार करते हुए कहा कि सबसे पहले हमें चुनाव जीत कर बहुमत हासिल करना है। यदि सांसदों का ही बहुमत नहीं होगा, तो प्रधानमंत्री कैसे बनेगा? खडग़े ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री चुनावी जीत के बाद तय कर लिया जाएगा। पहले हम सभी का मिलकर चुनाव लडऩा और जीतना जरूरी है। शिवसेना के उद्धव ठाकरे ने 'संयोजक' का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कमोबेश नेतृत्व करने वाला चेहरा तो होना चाहिए। यह जरूरी नहीं है कि जो संयोजक हो, उसे ही बाद में प्रधानमंत्री बनाया जाए। लेकिन खडग़े ने यह मुद्दा हाशिए पर सरका दिया। दरअसल विपक्ष के सामूहिक गठबंधन का बीड़ा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उठाया था। उन्होंने ही विपक्ष के प्रमुख नेताओं से संपर्क और संवाद किए थे, लेकिन चार बैठकों के बाद भी उनकी भूमिका गठबंधन के एक घटक की है, लिहाजा वह और राजद अध्यक्ष लालू यादव नाराज बताए जा रहे हैं। वे प्रेस ब्रीफिंग से पहले ही पटना लौट गए। इस तरह 'इंडिया' के संयोजक और सारथी की भूमिकाएं अब भी अनसुलझी हैं। अलबत्ता विपक्ष ने साझा सक्रियता के मद्देनजर कुछ फैसले जरूर लिए हैं। हालांकि 28 दलों के गठबंधन में कुछ नेता आरोपिया भाषा बोल रहे थे कि कांग्रेस ने राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए कमोबेश एक साल का समय बर्बाद कर दिया। हम अब भाजपा से काफी पीछे हैं। आम चुनाव में तीन माह ही शेष हैं और अभी सीटों का बंटवारा ही नहीं हुआ है। इस बैठक में ममता बनर्जी के एक प्रस्ताव के संदर्भ में सीटों के बंटवारे की डेडलाइन 31 दिसंबर तय की गई है। खडग़े इसे 'अग्निपरीक्षा' मान रहे हैं। पश्चिम बंगाल, बिहार, उप्र और महाराष्ट्र आदि राज्यों में सीटों का बंटवारा पहली प्राथमिकता है, यह खडग़े ने स्पष्ट कर दिया है। इन राज्यों में कांग्रेस तीसरे या चौथे नंबर की पार्टी रह गई है। उसके लिए सीटें छोडऩा वाकई पेंचदार स्थिति है।

# वासुदेव देवनानी सर्वसम्मति से चुने गए राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष

## प्रथम सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में सभी नए विधायकों की शपथ पूरी

**जयपुर ( हिंस )।** पूर्व शिक्षा मंत्री और अजमेर उत्तर से भारतीय जनता पार्टी विधायक वासुदेव देवनानी गुरुवार को सर्वसम्मति से राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष चुने गए। वासुदेव देवनानी को विधानसभा अध्यक्ष चुनने के लिए सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्षी सदस्यों ने समर्थन और अनुमोदन किया। प्रथम सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में दो विधायकों के अलावा सभी नए विधायकों की शपथ पूरी हो गई है। पांचवी बार जीत कर विधानसभा पहुंचे देवनानी को स्पीकर चुनने के लिए सबसे पहले सीएम भजनलाल शर्मा प्रस्ताव रखा। इसके बाद पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, डिप्टी सीएम दीया कुमारी और रालोपा विधायक हनुमान बेनीवाल ने प्रस्ताव रखा। इसके बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, विधायक गोविन्द सिंह डोटासरा, विधायक राजकुमार रोत, विधायक चन्द्रभान सिंह चौहान और विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया। इससे पूर्व सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के प्रथम सत्र के दूसरे दिन की कार्रवाई ढाई बजे शुरू हुई। छह विधायकों को शपथ दिलाने के बाद सदन की कार्रवाई तीन बजकर दस मिनट और फिर साढे तीन बजे तक स्थगित की गई। साढे तीन बजे सदन की कार्रवाई फिर शुरू हुई। उसके बाद वासुदेव देवनानी को सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष चुना गया। वासुदेव देवनानी ने 20 दिसंबर को स्पीकर के चुनाव के लिए नामांकन भरा था। देवनानी ने पांच नामांकन भरे, जिन्हें विपक्ष के वरिष्ठ विधायकों ने समर्थन दिया। विपक्ष के विधायक देवनानी के प्रस्तावक और समर्थक बने थे। सबसे पहले सीएम भजनलाल शर्मा ने वासुदेव देवनानी को विधानसभा स्पीकर चुने जाने का प्रस्ताव रखा। इसका सचिन पायलट ने समर्थन किया। इसके बाद पूर्व सीएम अशोक गहलोत दूसरा प्रस्ताव रखा, जिसका कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और विधायक गोविंद सिंह डोटासरा ने समर्थन किया। देवनानी को स्पीकर चुनने का तीसरा प्रस्ताव वसुंधरा राजे ने रखा। इसका बीएपी विधायक राजकुमार रोत ने समर्थन किया। चौथा प्रस्ताव डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने रखा। इसका चित्तौड़गढ़ से निर्दलीय विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने समर्थन किया। पांचवां प्रस्ताव आरएलपी विधायक हनुमान बेनीवाल ने रखा, जिसका आरएलडी विधायक सुभाष गर्ग ने समर्थन किया। इधर प्रथम सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में दो विधायकों के अलावा सभी नए विधायकों की शपथ पूरी हो गई है। नदबई से बीजेपी विधायक जगत सिंह और बागीदौरा से कांग्रेस विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय को छोड़कर सभी विधायकों ने शपथ ले ली है। आज छह विधायकों ने शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ ने वैर से बीजेपी विधायक बहादुर सिंह कोली, तिजारा से बीजेपी विधायक महंत बालकनाथ, बांदीकुई से बीजेपी विधायक भागचंद टाकड़ा, निम्बाहेड़ा से बीजेपी विधायक श्रीचंद कृपलानी, मसूदा से बीजेपी विधायक विरेंद्र सिंह और रायसिंह नगर से कांग्रेस विधायक सोहनलाल नायक को शपथ दिलाई।

## भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आगाज करेंगी महिलाएं : सुनैना चौटाला

**फतेहाबाद ( हिंस )।** इनेलो महिला विंग की प्रदेश महासचिव सुनैना चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला अपराधों को रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है। महिला सम्मान का ढोंग रचने वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल में महिलाएं ही सबसे ज्यादा परेशान हैं। न तो उनकी सुरक्षा की कोई गारंटी है और न ही रोजगार की। शिक्षित महिलाएं रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही है। इनके मंत्री तक महिला शोषण के गंभीर आरोपों से घिरे हुए हैं। वे गुरुवार को यहां जाट धर्मशाला में इनेलो महिला विंग के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। उन्होंने 31 दिसंबर को जींद के उचाना हल्के में होने वाले प्रदेश स्तरीय महिला आक्रोश सम्मेलन का महिला कार्यकर्ताओं को निमंत्रण देते हुए कहा कि इस सम्मेलन प्रदेश सरकार की महिला विरोधी नीतियों की जहां पोल खोलने का काम करेगी वहीं इसी सम्मेलन से महिलाएं लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा को उखाड़ फेंकने का आगाज करेंगी।

## केजरीवाल पहुंचे होशियारपुर विपश्यना सेंटर में 10 दिन लगाएंगे ध्यान



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** दिल्ली के आबकारी नीति घोटाले में ईडी के निशाने पर आए आम आदमी पार्टी सुप्रीमो एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बृहस्पतिवार को पंजाब के होशियारपुर स्थित विपश्यना सेंटर में आ गए हैं। केजरीवाल को आज ही ईडी के सामने पेश होना था। ईडी के समन को एक तरफ करते हुए केजरीवाल होशियारपुर में आ गए हैं। इससे पहले केजरीवाल मेडिटेशन के किए देश के दूसरे राज्यों में जाते रहे हैं लेकिन यह पहला मौका है जब उन्होंने मेडिटेशन के लिए पंजाब को चुना है। वे यहां अगले 10 दिनों तक मेडिटेशन करेंगे। इस बीच ईडी के समन पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आखिरकार अपना मुंह खोला है। उन्होंने संकेत दिया कि वे ईडी के समन का जवाब नहीं देंगे। केजरीवाल ने दावा किया है कि उनके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है।

## पत्नी को तीन तलाक का नोटिस भेजने वाला पति गिरफ्तार

**जोधपुर ( हिंस )।** शहर की सदर बाजार पुलिस ने एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी को तीन तलाक का नोटिस भेजने के प्रकरण में उसे गिरफ्तार कर लिया। इस बारे में अग्रिम जांच की जा रही है। महिला ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज करवा रखा है। सदर बाजार पुलिस ने बताया कि एक परिवादियां ने अक्तूबर माह में अपने पति मसूरिया बलदेव नगर निवासी मोहम्मद इकराम पुत्र मोहम्मद इकबाल के खिलाफ तीन तलाक का केस दर्ज करवाया गया था। इसमें बताया कि उसका निकाल मुस्लिम रीतिरिवाज से मोहम्मद इकराम के साथ 25 मई 21 को हुआ था। मगर उसके ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। जिस पर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज करवाया गया था। उसके पति ने 6 जून 23 को उसे विधि विरुद्ध तीन बार तलाक लिख कर नोटिस भेजा था। इस पर पीड़िता की तरफ से तीन तलाक को लेकर केस अपने अधिवक्ता के मार्फत दर्ज करवाया गया था।

## कोविड-19 एवं श्वसन रोग से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**जयपुर ( हिंस )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देशों की पालना में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 एवं श्वसन रोगों से बचाव एवं नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के अनुसार सर्दी के मौसम में खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब आदि लक्षणों के रोगियों की संख्या में वृद्धि पायी जाती है। वर्तमान में देश के केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र व अन्य राज्यों में कोविड केसेज की संख्या में भी वृद्धि पाई गई है। देश के केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली व गोवा राज्यों में कोविड का नया सब वेरियेन्ट जेएन.1 पाया गया है। राजस्थान राज्य में जैसलमेर में दो तथा जयपुर में दो रोगी जिनमें एक झुंझुनूं तथा दूसरा भरतपुर के मूल निवासी हैं, संक्रमित पाये गए हैं। विशेषज्ञों की राय अनुसार प्रथम दृष्टया यह अपेक्षाकृत माइल्ड इंफेक्शन प्रतीत होता है। हल्की सर्दी, खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब के रोगी चिकित्सक की सलाह समय पर लेते हैं तो रोग के नियंत्रण पर प्रभावी व तत्काल काबू पाया जा सकता है।

## घरेलू विवाद में जिला कोर्ट ने पंजाब के श्रम मंत्री को सुनाई दो साल की सजा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के संगरूर जिले की सुनाम कोर्ट ने एक घरेलू विवाद में पंजाब में श्रम मंत्री अमन अरोड़ा व आठ अन्यों को दो साल की सजा सुनाई है। जिस केस में उन्हें सजा सुनाई गई है, वह वर्ष 2008 में दर्ज हुआ था। कोर्ट की तरफ से इस मामले में आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया गया है। शिकायतकर्ता राजिंदर दीपा ने बताया कि यह लड़ाई नहीं बल्कि उनके साथ धक्का था। यह केस पंद्रह साल पुराना है। अमन अरोड़ा उनके रिश्तेदार हैं। रिश्ते में वह उनके बहनोई है। साल 2008 में वह सुनाम से चंडीगढ़ गए हुए थे। इस दौरान अमन अरोड़ा ने अपनी माता को लेकर उनके घर पर कब्जे की कोशिश की थी।

## पाकिस्तान से आए तीन विदेशी नागरिकों को प्रदान की भारतीय नागरिकता

**फरीदाबाद ( हिंस )।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने गुरुवार को पाकिस्तान से आए तीन विदेशी नागरिकों को शपथ दिलाकर भारतीय नागरिकता प्रदान की है। नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 5 के अधीन भारत के नागरिक के रूप में रजिस्ट्रीकृत करने अथवा धारा 6 के अधीन उसे देशीकरण संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों के तहत यह नागरिकता जिलाधीश विक्रम सिंह ने प्रदान की है। भारतीय नागरिकता प्राप्त करने वाले लोगों में 22 वर्षीय सजना, 33 वर्षीय हीरा कौर तथा 50 वर्षीय दसरीत कौर शामिल




है। आपको बता दे पूरे देश में 13 जिलाधीशों को ही भारत सरकार ने यह विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई है। इनमें फरीदाबाद का जिलाधीश भी शामिल है। केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान देश के अल्पसंख्यक समुदायों के किसी भी व्यक्ति इनमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता देने का अधिकार जिलाधीश को भारतीय नागरिकता अधिकार देने का अधिकार प्रदान किया गया है। देश के गुजरात राज्य के मोरबी, राजकोट, पाटन एवं बड़ोदरा और छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग तथा बलोदा बाजार, राजस्थान प्रांत के जालौर, उदयपुर, पाली, बाड़मेर और सिरोही, हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद तथा पंजाब प्रांत के जालंधर के जिलाधीश को भारत सरकार ने नागरिकता प्रदान करने का अधिकार दिया है।



# आईजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर चला मुख्यमंत्री योगी का हंटर

**लखनऊ ( हिंस )।** इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रेड्रेसल सिस्टम (आईजीआरएस) की शिकायतों को गम्भीरता से न लेने और निपटारे में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ योगी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक में लापरवाही बरतने वाले करीब आधा दर्जन अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए स्पष्टीकरण से लेकर निलंबन तक की कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से नियुक्ति विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, गृह विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और नगर विकास विभाग को पत्र जारी करते हुए लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई कर अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईजीआरएस की शिकायतों के निपटारे में लापरवाही को संज्ञान में लिया है। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस पर नियुक्ति विभाग को कानपुर नगर की तहसील नर्वल में शिकायत कर्ता की फाइल गायब होने के आठ माह बाद भी अपर जिलाधिकारी द्वारा तत्कालीन पेशकार



अनुज त्रिपाठी पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी, जबकि उनको दोषी पाया गया था। इस पर अपर जिलाधिकारी को स्पष्टीकरण नोटिस देने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह सुल्तानपुर के ग्राम सलाहपुर, ब्लॉक भदैया में प्रधान सचिव पर घूस न देने के कारण अपात्र को प्रधानमंत्री आवास की पहली किश्त जारी करने की शिकायत पर संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को मध्यावधिक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई, लेकिन खंड विकास अधिकारी द्वारा मामले को मांग श्रेणी में फ्लैग करते हुए स्पेशल क्लोज कर दिया गया। इससे शिकायतकर्ता को फीडबैक देने का विकल्प समाप्त हो गया, जो शासनादेश का उल्लंघन है। इस पर ग्राम्य विकास विभाग को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से खंड विकास अधिकारी को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं कुशीनगर में ग्राम पंचायत की निर्माणाधीन सड़क को अधूरा छोड़ने की शिकायत के निस्तारण में खंड विकास अधिकारी द्वारा लापरवाही पर खंड विकास अधिकारी मोतीचक को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। आईजीआरएस पर सुल्तानपुर ग्राम हांसापुर की तहसील कादीपुर में ग्रामसभा की जमीन पर लगे पेड़ों को काटकर बेचने की शिकायत के मामले में जयसिंहपुर क्षेत्राधिकारी और मोतीग ?पुर थाना के उपनिरीक्षक द्वारा लापरवाही के साथ ही पोर्टल पर सतही आख्या दी गई। इस पर मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से गृह विभाग को क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर को स्पष्टीकरण नोटिस देने के साथ मोतीगढ़ प्रभारी निरीक्षक को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को हरदोई के ग्राम पेड़ाबहर की प्राप्त शिकायत में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एएस गंगवार द्वारा लापरवाही बरतने पर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## पीएलएफआई के गिरफ्तार दो सदस्यों से एनआईए कर रही है पूछताछ

**रांची ( हिंस )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पीएलएफआई के गिरफ्तार दो सदस्यों निवेश कुमार और रमन कुमार उर्फ सोनू पंडित से पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को रिमांड पर लेकर दोनों से गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ में कई जानकारियां एनआईए को मिली है। एनआईए की विशेष अदालत ने एनआईए को दोनों आरोपियों से सात दिनों की पूछताछ की इजाजत दी है। अदालत से इजाजत मिलने के बाद एनआईए ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद दोनों आरोपियों को अपने साथ ले गई। इन दोनों से एनआईए 27 दिसंबर तक पूछताछ करेगी। उल्लेखनीय है कि 15 दिसंबर को एनआईए ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादी संगठन के खिलाफ झारखंड सहित चार राज्यों में छापेमारी की थी। इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया था।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला फूंका



**फतेहाबाद ( हिंस )।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कल्याण बनर्जी के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की अपमानजनक ढंग से उपहास उड़ाने और राहुल गांधी के वीडियो बनाने की घटना से क्षुब्ध जिला भाजपा ने प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भूना रोड चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार का जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा के नेतृत्व में रोष प्रदर्शन किया। भाजपा जिला कार्यालय से कार्यकर्ताओं ने मार्च शुरू किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भूना रोड चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजपा कार्यकर्ता उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाने पर राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी पूरे देश से माफी मांगने की मांग कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ग्रोहा ने कहा कि यह बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि संसद के बाहरी परिसर में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की अपमानजनक ढंग से मिमिक्री की जा रही है। राहुल गांधी हंसते हुए उनकी वीडियो बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की शर्मनाक हरकत से कांग्रेस ने अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि यह घटना संवैधानिक परम्पराओं पर सबसे बड़ा आघात है, ऐसा करके टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी व राहुल गांधी ने पूरे देशवासियों को शर्मिंदा किया है। उन्हें देशवासियों से माफी मांगनी होगी। कांग्रेस के ऐसे नेता संविधान के नाम पर धब्बा है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजपाल बैनीवाल, जगदीश शर्मा, भारत भूषण गर्ग, रणजीत ओड, इन्द्राज मोगा, रामचन्द्र रेहलन, हंसराज सचदेवा, मुलकराज चावला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़, सतपाल बाजीगर, विक्रम शर्मा, रामकुमार मेहरा, बनवारी लाल गहलोत, प्रवीण, मक्खन बूक सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद है।

## फारबिसगंज विधायक ने गृह राज्य मंत्री से घुसपैठ सहित अन्य समस्या पर की चर्चा

**अररिया ( हिंस )।** फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केसरी उर्फ मंचन केसरी ने दिल्ली में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात कर सीमावर्ती क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र की अंतर्राष्ट्रीय बार्डर को लेकर सीमा क्षेत्र की संवेदनशीलता पर गृह राज्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। केसरी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों समेत भारत नेपाल सीमा से लगातार तस्करी के मुद्दों को लेकर गृह राज्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक केसरी ने बताया की फारबिसगंज समेत पूरे जिले में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीनों पर अवैध निर्माण कर बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठियों के रहने की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए समुचित पहल की मांग की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बॉर्डर सड़क निर्माण को लेकर भी मंत्री से बातें हुई। फारबिसगंज विधानसभा समेत पूरे अररिया जिला के बार्डर क्षेत्र की समस्याओं को रखा गया है। फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र के सिमराहा में चल रहे मांस फैक्ट्री को बंद करने की भी मांग गृह राज्य मंत्री से की गई। सामरिक दृष्टि कौन से उड़ान योजना में शामिल फारबिसगंज हवाई अड्डा को जल्द चालू करने की मांग करते हुए समुचित पहल करने की मांग विधायक द्वारा की गई।


**OFFICE OF THE DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, MAJULI**

**Advt. NO. 01/2023**

Application are invited in Standard Form as published in the Assam Gazette in Part IX from eligible candidates from the date of publication of this Advertisement till **5:00 P.M. of 20th January, 2024** for filling up the following vacant post in the office of the District Legal Services Authority, Majuli, Assam.

| Sl. No. | Name of the Post | No. of vacancy | Scale of Pay | Category of Post | Qualification |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lower Division Assistant (L.D.A) | 1 (One) | **Rs. 14000-60500/- with Grade Pay of Rs. 6200/- and other allowances admissi-ble under the rules.** | Unreserved | Graduate in any discipline from Govt. recognized University with Computer Knowledge |

**1. Eligibility Criteria:**
(i) He/ She must be a citizen of India as defined under Article 5 and 6 of the Constitution of India.
(ii) A candidate must be a Graduate in any stream from an UGC recognized University as on the last date of submission of application.
(iii) He/ She must possess a certificate of Computer knowledge of minimum 1(one) year duration.
(iv) The candidate should have knowledge of the official Language of the state of Assam (Assamese).
(v) The candidate must possess Employment exchange registration number for the state of Assam.

**2. AGE LIMIT :**
The category-wise age limit as on the last date of receipt of application is as under :

| Sl. No. | Category | Minimum age (in years) | Maximum age |
|---|---|---|---|
| 1 | Unreserved | 18 | 40 |
| 2 | OBC/MOBC | 18 | 43 |
| 3 | SC/ST | 18 | 45 |
| 4 | PWD | 18 | 50 |

**3. SELECTION PROCESS :**

| Stage | Description |
|---|---|
| Stage 1 | Common Written Test ( Based on objective Questions with Multiple Choices) of two hour duration of 100 marks (i) General English (30 marks), General Knowledge including Computer Knowledge (30 marks) and General Aptitude (20 marks), Official language of the state of Assam (Assamese) (20 marks). |
| Stage 2 | Candidates who are declared qualified will be called for viva voce and skill test. Candidates in the ratio of 1:10 from the rank-wise mark sheet of the written test (10 times the total post) will be called to the Computer Skill test and viva-voce (20 and 30 marks respectively). On the basis of the grand total marks obtained by the candidates in the Written Test, Skill Test and viva-voce, the final selection will be made. |

Note : The selection committee reserves the right to fix cut off mark, if any, for the written test. **There shall be no negative marking.**

**4. HOW TO APPLY:-**
1. Eligible candidates will have to apply in Standard form of Application along with copies of all relevant documents and must submit to ***"The Secretary, District Legal Services Authority, Majuli, Behind Circuit House, Garamur, Majuli, 785104" on or before 5:00 P.M. of 20th January, 2024.*** Intending candidates are requested to write their mobile number(s) in the application. The application must be accompanied with the following:-
***a. Two recent passports size Photograph with name on reverse side.***
***b. Self attested copies of aif testimonials in support of his/her AGE, EDUCATIONAL QUALIFICATION, ADDRESS PROOF, IDENTITY PROOF etc.***
*However, candidates have to produce their original testimonials regarding educational qualifications, computer applications, date of birth, caste, working experience (if any) etc. at subsequent stages when asked for.*

**5. TERMS AND CONDITIONS:**
I. Merely satisfying the eligibility criteria will not entitle a Candidate to be called for the written examination, Skill test and viva-voce etc.
II. He must not have more than one wife living, provided the Government may for good and sufficient reasons exempt any candidate from the Operation of this condition.
III. No candidate shall be eligible for appointment if he, after undergoing such medical examination as Government may specify, is found to be not good mental or bodily health and not free from any mental or physical defect likely to interfere in the discharge of his duties.
IV. The admission of candidates at all stages of the selection process shall be purely provisional and subject to their satisfying the prescribed eligibility criteria, If, on verification at any time before or after the selection process, it is found that a candidate does not fulfil any of the eligibility conditions, his/ her candidature shall stand cancelled without any notice. Mere calling of candidates to written examination/interview etc. or issuance of admit card/ call letter etc. does not mean acceptance of candidature of any candidate which shall be further scrutinized at every stage and the selection committee has right to reject the candidature of any candidate at any time.
V. The provisional list of the candidates, with Roll Nos. will be published in the Majuli District judiciary website for the candidates' reference.
VI. No TA/DA shall be paid to the candidates for appearing in the Written Test, Computer Skill Test and Viva-Voce etc.
VII. No individual call letter/admit card will be issued to the candidate. However candidates are advised to visit the official website of the Majuli District Judiciary regularly for updates and important information. Unnecessary correspondence should be avoided.
VIII. If any candidate is found canvassing directly or indirectly, he/she will be liable for criminal prosecution.

Sd/-
**District and Sessions Judge**
**-cum-**
**Chairman,**
**District Legal Services Authority,**
**Majuli**

*-- Janasanyog /D/15159/23*



# ओडिशा की शराब कंपनी में तलाशी अभियान में 351 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी जब्त

**नई दिल्ली।**
आयकर विभाग ने हाल में ओडिशा की एक शराब कंपनी में तलाशी अभियान के बाद 351 करोड़ रुपये से ज्यादा की बेहिसाबी नकदी और 2.80 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण जब्त किए हैं। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।


वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने ओडिशा की एक शराब कंपनी में तलाशी अभियान के बाद 351 करोड़ रुपये से ज्यादा की बेहिसाबी नकदी और 2.80 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण जब्त किए हैं। मंत्रालय ने किसी का नाम लिए बिना जारी बयान में कहा कि समूह का व्यवसाय झारखंड के रांची स्थित एक परिवार द्वारा नियंत्रित किया जाता है। परिवार का एक सदस्य ''राजनीति से जुड़ा व्यक्ति'' है।

सीबीडीटी के मुताबिक आयकर विभाग ने छह दिसंबर को देशी शराब, अनाज आधारित शराब के निर्माण और बिक्री, विदेशी शराब की बॉटलिंग, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थान चलाने आदि के व्यवसाय में लगे एक समूह पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया। इस ऑपरेशन में ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों के 10 जिलों में फैले 30 से अधिक परिसरों को कवर किया गया। समूह का व्यवसाय रांची, झारखंड स्थित एक परिवार द्वारा नियंत्रित किया जाता है। समूह के परिवार के सदस्यों में से एक रांची में रहने वाला राजनीतिक रूप से उजागर व्यक्ति भी है।

आयकर विभाग ने इस तलाशी अभियान के दौरान, दस्तावेजों और डिजिटल डेटा के रूप में बड़ी संख्या में आपत्तिजनक साक्ष्य पाए गए और जब्त किए गए है। जब्त किए गए सबूतों के प्रारंभिक विश्लेषण से देशी शराब की बेहिसाब बिक्री के रिकॉर्ड, अघोषित नकदी प्राप्तियों के व्यवस्थित विवरण और बेहिसाब नकदी की आवाजाही के संदर्भ का पता चलता है। समूह की व्यावसायिक गतिविधियों को देखने वाले मुख्य कर्मचारियों ने भी स्वीकार किया है कि तलाशी अभियान के दौरान मिली और जब्त की गई नकदी, समूह की बेहिसाब आय का प्रतिनिधित्व करती है, जो इसकी कई व्यावसायिक चिंताओं के माध्यम से उत्पन्न हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### शीर्ष देशों में महंगाई के मामले में तीसरे स्थान पर भारत, रूस और दक्षिण अफ्रीका सबसे ज्यादा प्रभावित देश




**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया में ब्याज दरों और महंगाई का उच्च स्तर अगले कुछ महीने तक ऊपर बने रहने की उम्मीद है। इस बीच, उच्च महंगाई के मामले में शीर्ष देशों में भारत तीसरे स्थान पर है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, रूस व दक्षिण अफ्रीका महंगाई से सबसे अधिक प्रभावित हैं। रूस में महंगाई दर 7.5 फीसदी व दक्षिण अफ्रीका में 5.9 फीसदी है। तीसरे स्थान पर काबिज भारत में नवंबर में महंगाई दर 5.6 फीसदी रही है। ऑस्ट्रेलिया में यह 5.4 फीसदी, सिंगापुर में 4.7 फीसदी व ब्राजील में 4.7 फीसदी है। आंकड़ों के मुताबिक, चीनी की कीमत नवंबर, 2022 की तुलना में नवंबर, 2023 में 41 फीसदी बढ़ी है। एक साल की इस अवधि में चावल 36 फीसदी महंगा हुआ है। उधर, कई देशों में तनाव से पूरी दुनिया में कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस व कोयला की कीमतों में भारी गिरावट आई है। एक साल में ब्रेंट क्रूड 8.7 फीसदी, कोयला 62.9 फीसदी और प्राकृतिक गैस 55.4 फीसदी सस्ता हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में पिछले कुछ महीनों से घट रही महंगाई को बढ़ाने में खाद्य पदार्थों की कीमतों की बड़ी भूमिका है। नवंबर में बढ़ने के बाद दिसंबर में भी खुदरा महंगाई दर से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। यह अलग बात है कि दो फीसदी घट-बढ़ के साथ खुदरा महंगाई दर फिलहाल आरबीआई के बैंड से नीचे है, लेकिन उसके चार फीसदी लक्ष्य से अब भी 1.5 फीसदी अधिक है।

### धोखाधड़ी मामले में चेन्नई स्थित कंपनी के पूर्व सीईओ समेत तीन को पांच साल की सजा

**नई दिल्ली।** चेन्नई की एक अदालत ने बैंक ऑफ इंडिया को 2.06 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के मामले में पालपाप इचिनिची सॉफ्टवेयर इंटरनेशनल लिमिटेड के पूर्व सीईओ सह चेयरमैन पी सेंथिल कुमार और दो अन्य को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सीबीआई की विशेष अदालत ने तीनों आरोपियों और चेन्नई की कंपनी पर 2.10 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई ने 2008 में बैंक ऑफ इंडिया की एक शिकायत के बाद मामले को अपने हाथ में लिया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कुमार ने चेन्नई की अन्ना सलाई शाखा में स्टार पर्सनल लोन स्कीम के तहत फर्जी लोगों के नाम पर 149 ऋण खाते खोले और उन्हें अपनी कंपनी का कर्मचारी दिखाया। उन्होंने बताया कि उसने कथित लाभार्थियों के नाम पर वेतन पर्ची और पहचान पत्र बनाकर कर्ज लिया। सीबीआई ने एक साल के भीतर आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी। इसके बाद विशेष अदालत में मुकदमा चला। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि विशेष न्यायाधीश आर गिरिजा रानी ने कुमार को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई और उन पर 2.07 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया।

### सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर सोना, चांदी में तेजी



**नई दिल्ली।** देश के सर्राफा बाजारों में आज सपाट स्तर पर कारोबार होता नजर आ रहा है। आज 24 कैरेट और 22 कैरेट सोने की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसकी वजह से ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना बुधवार के भाव 63 हजार रुपये के स्तर पर या उसके करीब कारोबार कर रहा है। चांदी में भी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की तेजी आई है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। दिल्ली में आज चांदी 78,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रहा है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चांदी 78,450 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। चेन्नई में आज चांदी 80,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

## चौथे कारोबारी दिन शेयर बाजार का हाल

# शेयर बाजार ने निचले स्तर से की शानदार रिकवरी बड़ी गिरावट के बाद संभले सेंसेक्स-निफ्टी

**बाजार की तेजी से निवेशकों को 4 लाख करोड़ से ज्यादा का मुनाफा**

**सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत, निफ्टी 0.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद**




**नई दिल्ली।**
एक दिन की गिरावट के बाद ही घरेलू शेयर बाजार ने गुरुवार को जोरदार वापसी की। कारोबार की शुरुआत भी बड़ी गिरावट के साथ हुई थी, लेकिन कारोबार शुरू होने के बाद से ही ज्यादातर समय खरीदारी का जोर बना रहा। इसी वजह से शेयर बाजार निचले स्तर से रिकवरी करके हरे निशान में बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत और निफ्टी 0.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

गुरुवार के कारोबार में पावर और यूटिलिटी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा टेलीकम्युनिकेशंस, कमोडिटी, रियल्टी, ऑयल एंड गैस, फार्मास्यूटिकल और रियल्टी इंडेक्स में भी करीब एक प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। ऑटोमोबाइल को छोड़ कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स में गुरुवार को तेजी बनी रही। बॉर्डर मार्केट में भी लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.61 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह बीएसई के स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.69 प्रतिशत की तेजी के साथ गुरुवार के कारोबार का अंत किया।

गुरुवार को बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन गुरुवार को कारोबार के बाद बढ़ कर 354.37 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 350.19 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को गुरुवार को कारोबार से करीब 4.18 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

गुरुवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,896 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,666 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,108 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 122 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में गुरुवार को 2,138 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,679 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 459 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स गुरुवार को 585.42 अंक टूट कर 69,920.89 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार शुरू होने के बाद थोड़ी देर तक इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव बना रहा, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने चौतरफा लिवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से कुछ ही देर में ये सूचकांक रिकवरी कर हरे निशान में आ गया। हालांकि बीच-बीच में मुनाफावसूली का दबाव भी बनता रहा। इसके बावजूद इस सूचकांक की चाल में लगातार तेजी बनी रही। गुरुवार का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 1 हजार अंक से अधिक उछल कर 452.40 अंक की मजबूती के साथ गुरुवार को सर्वोच्च स्तर 70,958.71 अंक तक पहुंच गया। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 358.79 अंक की मजबूती के साथ 70,865.10 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने गुरुवार को 116.20 अंक की कमजोरी के साथ 21,033.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक 173.35 अंक टूट कर 20,976.80 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी तेजी आ गई। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के कारण गुरुवार को कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 310 अंक से भी अधिक की छलांग लगा कर 138.20 अंक की मजबूती के साथ गुरुवार को सबसे ऊपरी स्तर 21,288.35 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद निफ्टी 104.90 अंक की बढ़त के साथ 21,255.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बीपीसीएल 2.30 प्रतिशत, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 2.29 प्रतिशत, ब्रिटानिया इंडस्टरीज 2.11 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 1.79 प्रतिशत और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.47 प्रतिशत की मजबूती के साथ गुरुवार के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, बजाज ऑटो 1.86 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 1.69 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 1.34 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजी 1.24 प्रतिशत और सिप्ला 1.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गुरुवार के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत एशिया में मिलाजुला कारोबार



**नई दिल्ली।**
ग्लोबल मार्केट से गुरुवार को कमजोर संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान मुनाफावसूली का दबाव बन जाने की वजह से अमेरिकी बाजार 1 प्रतिशत से भी अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करते रहे, लेकिन कारोबार के अंतिम समय में बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से मिलेजुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी गुरुवार को मिलाजुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है।


वॉल स्ट्रीट में पिछले सत्र के दौरान मुनाफावसूली का दबाव बना रहा। लगभग 7 हफ्तों से जारी तेजी के बाद निवेशकों ने अमेरिकी बाजार में जम कर बिकवाली की, जिसके कारण डाउ जॉन्स 475 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,716.87 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इस सूचकांक के सभी प्रमुख 11 सेक्टर पिछले सत्र के दौरान दबाव में नजर आए। इसके अलावा नैस्डेक 168.85 अंक यानी 1.13 प्रतिशत टूट कर 14,834.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाऊ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ 37,171.57 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही, लेकिन आखिरी वक्त में मुनाफावसूली का दबाव बन जाने के कारण डीएएक्स इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुआ। ये सूचकांक 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,733.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एफटीएसई इंडेक्स ने 1.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,715.68 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह सीएसी इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,583.43 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में गुरुवार को मिलाजुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 3 के सूचकांक मामूली बढ़त के साथ कारोबार करते नजर आ रहे हैं, जबकि 6 सूचकांक में गिरावट का रुख बना हुआ है। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,112.53 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,403.57 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

# देश पर कुल कर्ज जुलाई-सितंबर में बढ़कर 205 लाख करोड़ रुपये, कोयला उत्पादन एक अरब टन पार

**मुंबई।**
देश पर कुल कर्ज चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 205 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। बीते वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था। इंडियाबॉन्ड्स डॉट कॉम के सह-संस्थापक विशाल गोयनका ने आरबीआई के आंकड़ों के हवाले से कहा, केंद्र का कर्ज जुलाई-सितंबर तिमाही में 161.1 लाख करोड़ रुपये रहा। मार्च तिमाही में यह 150.4 लाख करोड़ था। केंद्र पर 161.1 लाख करोड़ रुपये यानी कुल कर्ज का सर्वाधिक 46.04 फीसदी है। इसके बाद राज्य सरकारों की कर्ज में हिस्सेदारी 24.4 फीसदी यानी 50.18 लाख करोड़ रुपये है।




देश के 48 फीसदी लोग व्यक्तिगत खरीदारी के लिए ऑनलाइन पर भरोसा करते हैं। इनमें से 44 फीसदी लोग वित्तीय लेनदेन के लिए ऑनलाइन बैंकिंग का उपयोग करते हैं। होम क्रेडिट इंडिया के ताजा सर्वे के मुताबिक, 2021 के बाद से जरूरतों के आधार पर कर्ज लेने का चलन बदल गया है। 2023 में 44 फीसदी लोगों ने घर चलाने से लेकर स्मार्टफोन व घरेलू उपकरण खरीदने के लिए कर्ज लिया है। हालांकि, कंज्यूमर ड्यूरेबल कर्ज में 9 फीसदी की कमी आई, लेकिन कारोबार से संबंधित कर्ज में 5 फीसदी वृद्धि हुई है।

सर्वे के अनुसार, ऑनलाइन कर्ज मुख्य रूप से छोटे शहर के युवा ले रहे हैं। इसमें देहरादून (61 फीसदी), लुधियाना (59 फीसदी), अहमदाबाद (56 फीसदी) और चंडीगढ़ (52 फीसदी) जैसे शहर प्रमुख रूप से शामिल हैं। होम क्रेडिट इंडिया के मुख्य मार्केटिंग अधिकारी आशीष तिवारी ने कहा, सर्वेक्षण में डाटा गोपनीयता के बारे में जागरूकता की जरूरत पर भी बल दिया गया है।

बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को 'फ्रंट-रनिंग' मामले में 11 पक्षों पर प्रतिभूति बाजार में लगाई पाबंदी को हटाने से इन्कार कर दिया। साथ ही कहा, मामले में विस्तृत जांच जारी है। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी ने कहा, नोटिस पाने वालों की दलीलें अंतरिम आदेश में दिए गए निष्कर्षों का खंडन करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। फ्रंट-रनिंग कारोबार शेयर बाजारों का वह गैरकानूनी तरीका है, जिसमें कोई व्यक्ति किसी ब्रोकर या विश्लेषक से मिली अग्रिम सूचना के आधार पर शेयरों का लेनदेन करता है।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में तेजी का रुख बिटकॉइन 44 हजार डॉलर के पार

**क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़कर पहुंचा करीब 137.37 लाख करोड़ रुपये**




**नई दिल्ली।**
क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गुरुवार को तेजी का माहौल बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल सिर्फ एक क्रिप्टो करेंसी मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रही है। दुनिया की सबसे बिटकॉइन और दूसरे नंबर की क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत शेष 9 क्रिप्टो करेंसी बढ़त के साथ ग्रीन जोन में बनी हुई हैं। आज की तेजी के कारण बिटकॉइन एक बार फिर उछल कर 44 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गया है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 2.79 प्रतिशत की मजबूती के साथ 44,046.98 डॉलर यानी 36.67 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 1.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ उछल कर 2,248.06 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.02 प्रतिशत, बीएनबी 4.72 प्रतिशत, सोलाना 12.63 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.41 प्रतिशत, कार्डानो 1.26 प्रतिशत, एवालांचे 6.61 प्रतिशत और डोजेकॉइन 2.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 2.53 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 1.65 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 137.37 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में मजबूती आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 7,275 करोड़ डॉलर यानी 6.06 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 25.09 प्रतिशत अधिक है।

अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में तेजी आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.06 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 52.12 प्रतिशत हो गई है।

## जयपुर में रत्न एवं आभूषण के महाकुंभ 'जयपुर ज्वैलरी शो' का आज होगा भव्य आगाज़

# 318 बूथ्स पर जेमस्टोन्स, 660 पर ज्वैलरी जबकि 13 पर कॉस्ट्यूम एवं सिल्वर आर्टिकल्स प्रदर्शित होंगे

**जयपुर।**
रत्न एवं आभूषण के महाकुंभ 'जयपुर ज्वलैरी शो' (जेजेएस) का शुक्रवार प्रातः 10.30 बजे जयपुर के सीतापुरा स्थित नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में भव्य आगाज होगा। शो का उद्घाटन राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी करेंगीं। देश के नंबर वन बी2बी एवं बी2सी शो- जेजेएस की थीम इस वर्ष 'एमराल्ड... योर स्टोन योर स्टोरी' है। गुलाबी शहर जयपुर वर्ल्ड कैपिटल ऑफ एमरल्ड के नाम से प्रख्यात है। इसकी विश्वभर में बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए इस वर्ष भी जेजेएस में एमरल्ड रत्न व आभूषणों पर विशेष फोकस रहेगा।

जेजेएस चेयरमैन विमल चंद सुराणा ने बताया कि इस वर्ष भी जेजेएस 1100 से ज्यादा बूथ्स के साथ एक सम्पूर्ण शो होगा। इनमें 318 बूथ्स पर जेमस्टोन्स, 660 बूथ्स पर ज्वैलरी प्रदर्शित की जाएंगी जबकि 13 पर कॉस्ट्यूम एवं सिल्वर आर्टिकल्स प्रदर्शित होंगे। इसके अतिरिक्त, अन्य बूथ्स अलाईड मशीनरी और पब्लिकेशंस के होंगे। वहीं ज्वैलरी सेक्शन में लगभग 67 प्रतिशत डिजाइनर बूथ्स हैं। शो में ज्वैलर्स और जेमस्टोन्स डीलरों, ज्वैलरी संस्थानों, प्रकाशनों को भी अवसर मिलेगा। ज्वैलरी और जेमस्टोन के लिए अलग-अलग सेक्शन होंगे। यह वर्गीकरण ग्राहकों के लिए उनकी पसंद का उत्पाद ढूंढने के लिए आसान बनाएगा।




जेजेएस के मानद सचिव राजीव जैन ने बताया कि इस वर्ष देशभर के लगभग 1000 टॉप ज्वैलरी रिटेलर्स जेजेएस में शामिल हो रहे हैं। जेजेएस के निमंत्रण पर ये रिटेलर्स प्रत्येक वर्ष शो विजिट करते हैं और शो के दौरान बी2बी बायर्स के रूप में अपने प्रोडक्टस् की नियमित आपूर्ति के लिये सम्पर्क बनाते हैं। ताकि बायर्स का भी निरन्तर रूप से ज्वेलरी मैन्यूफैक्चरर्स से सम्पर्क हो सके। उन्होंने बताया कि जेजेएस 2023 की एक और विशेषता नेटवर्किंग डिनर 23 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। यह शानदार नेटवर्किंग ईवनिंग एग्जीबिटर्स को शीर्ष रीटेलर्स और जेजेएस के खरीदारों के साथ डिनर और लाइव बैंड प्रस्तुति का आनंद लेते हुए बातचीत करने का अवसर और मंच प्रदान करती है। शो में नए एक्जीबीटर्स के साथ- साथ ही कई राष्ट्रीय ब्रांड भी हिस्सा ले रहे हैं। इस बार 8 हजार से अधिक ट्रेड विजिटर्स और लगभग 50 हजार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विजिटर्स शामिल शो में शामिल होने के लिए जयपुर पहुंच चुके हैं।

शो ऑवर्स के बारे में जानकारी देते हुए जेजेएस प्रवक्ता अजय काला ने बताया कि यह शो बिजनेस विजिटर्स के लिए सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। आम विजिटर्स के लिए शो का समय दोपहर एक बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। आखिरी दिन यानी सोमवार 25 दिसंबर को शो का समय शाम 6.30 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि शो में आने वाले विजिटर्स की सुविधाओं एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। इस वर्ष भी विजिटर्स एवं एग्जीबिटर्स के शो में आवागमन के लिए निशुल्क शटल सुविधा की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त शो के दौरान मेडिकल, एम्बुलेंस एवं दमकल के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा के नजरिए से आयोजकों द्वारा व्यक्तिगत कैमरों के साथ-साथ जेजेएस के स्तर पर भी व्यवस्था की गई है। इस वर्ष सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए कॉमन एरिया में लगभग 500 से अधिक कैमरे लगाए गए हैं। वहीं शो में एंट्री के लिए बार कोडेड एंट्री सिस्टम होगा।

जेजेएस - इंडियन ज्वैलर डिजाइन अवाड्र्स-2023 का 13वां संस्करण, हर बीतते वर्ष के साथ बड़ा हो रहा है। इंडियन ज्वैलर मैगज़ीन द्वारा इस अवार्ड के प्रतिभागियों और अनुयायियों की अधिक उत्साह और आगे बढ़ने का कारक देने के लिए प्रतिबद्ध है। इंडियन ज्वैलर डिजाइन अवाड्र्स के आयोजक आलोक काला ने बताया कि 22 दिसम्बर 2023 को एक विशेष समारोह में जेजेएस- इंडियन ज्वैलर डिजाइन अवाड्र्स-2023 के विजेताओं का नाम नोवोटेल जयपुर, कनवेन्शन सेन्टर, सीतापुरा जयपुर में घोषित किया जायेगा। इसके लिए पूरे देश के चयनित प्रतियोगी (फाईनलिस्ट) 22 दिसम्बर को जयपुर में एकत्रित होंगे व देश भर के प्रमुख रिटेलर इस आयोजन के लिए आयेंगे।



# खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पहले दिन साई शक्ति, अनंतपुर, साई बाल और प्रीतम सिवाच ने दर्ज की जीत

**नई दिल्ली।**
दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पहले दिन - चरण 1 में साई शक्ति इलेवन, अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी, साई बाल टीम और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की।

### साई शक्ति टीम की आसान जीत

दिन के पहले मैच में साई शक्ति इलेवन ने ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर को 8-1 से हराया। साई शक्ति के लिए कप्तान काजल (13', 52'), रवीना (15', 21') और पूर्णिमा यादव (19', 36') ने दो-दो गोल किये, जबकि बिनाती मिंज (43') और भाव्या (57') ने एक-एक गोल किया। सिटीजन इलेवन के लिए एकमात्र गोल लियोना लाकड़ा (20') की स्टिक से हुआ।

### अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी की शानदार जीत से शुरुआत

दिन के दूसरे मैच में अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने खालसा हॉकी अकादमी, अमृतसर को 6-1 से हराया। अनंतपुर स्पोर्ट्स के लिए एम. शालिनी (33', 38', 44') ने हैट्रिक बनाई, जबकि पी. मधुरिमा बाई (9'), ई. नसीमा (29') और सी. मल्लिका (56') ने एक-एक गोल किया। अकादमी. खालसा हॉकी अकादमी, अमृतसर के लिए कप्तान लक्ष्मी (48') ने एकमात्र गोल किया।

### साई बाल टीम ने दर्ज की शानदार जीत

दिन के तीसरे मैच में साई बाल टीम ने भाई बहलो हॉकी अकादमी, भगता को 20-0 से हराया। एसएआई बाल टीम के लिए 10 खिलाड़ियों ने स्कोर किया, जिसमें लालतिलंचुंगी (10', 18', 23', 39', 57') पांच गोल के साथ सबसे आगे रहे। गुलजान कुमारी (15', 30', 35') ने हैट्रिक बनाई, तनीषा एक्का (4', 14'), सुकर मणि मुंडू (6', 45'), लालपेकसंगी (19', 41') और निधि ( 21', 56') ने दो-दो गोल किये, जबकि वंदना पटेल (26'), कैप्टन रिया (34'), पुष्पा डांग (51') और मुतुम प्रिया देवी (53') ने एक-एक गोल किया।

### प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को हराया।

दिन के चौथे मैच में प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को 12-0 से हराया। कप्तान दीक्षा (2', 14', 17') और हर्षिता (32', 45',52') ने हैट्रिक बनाई, माही (20', 54') और आरती (28', 35') ने दो-दो गोल किये, जबकि रितिका ने प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी के लिए (40') और चंचल (56') ने एक-एक गोल किया।

## न्यूज ब्रीफ

### अल्टीमेट खो-खो लीग : गुजरात जायंट्स ने अक्षय भांगरे को बनाया अपना कप्तान




**कटक।** अल्टीमेट खो-खो लीग का बहुप्रतीक्षित दूसरा सीज़न नजदीक है, और गुजरात जायंट्स ने अपने कप्तान और उप-कप्तान की घोषणा कर दी है। दूसरा सीज़न 24 दिसंबर, 2023 को कटक में शुरू होगा, जिसका फाइनल 13 जनवरी, 2024 को होगा। गुजरात जायंट्स 25 दिसंबर को राजस्थान वॉरियर्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स की कमान मुंबई के अक्षय भांगरे संभालेंगे। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी का अल्टीमेट खो-खो लीग में पहला प्रवेश होगा। पांचवीं कक्षा से खेलना शुरू करने वाले अक्षय, जो एक डिफेंडर हैं, ने सीनियर और जूनियर स्तर पर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने महाराष्ट्र की सीनियर टीम और भारतीय खो-खो टीम की भी कप्तानी की है। पट्टा नरसैया को उप-कप्तान की जिम्मेदारी दी गई है, और वह अक्षय को टीम के लिए रणनीति बनाने और योजना बनाने में मदद करेंगे। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम के 28 वर्षीय खिलाड़ी अल्टीमेट खो-खो लीग में अपना दूसरा सीज़न खेलेंगे। बेहद आक्रामक स्वभाव वाले पट्टा खो-खो खिलाड़ियों प्रसन्ना कुमार और अमित पाटिल के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और उन्होंने उनकी राज्य टीम की कप्तानी भी की है। जब टीम ने टेस्ट श्रृंखला में नेपाल का सामना किया तो पट्टा ने भी भारतीय रंग धारण किया।

### आईएसएल मैच प्रीव्यू : हैदराबाद और जमशेदपुर को रहेगी जीत की तलाश



**हैदराबाद।** जमशेदपुर एफसी अब इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में जीत की अपनी खोज में गाचीबोवली स्टेडियम में पहुंच गई, जहां रेड माइनर्स आज रात मेजबान हैदराबाद एफसी का सामना करेंगे। फुटबॉल में समय बदलते देर नहीं लगती है, क्योंकि जमशेदपुर एफसी ने 2021-22 में आईएसएल लीग विनर्स शील्ड जीती थी और उसी सीजन में हैदराबाद एफसी ने फाइनल में केरला ब्लास्टर्स एफसी को हराकर आईएसएल ट्रॉफी जीती थी। दो साल से भी कम समय पहले वे देश की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें थीं, और इस सीजन में अभी तक इन दोनों क्लबों पर भाग्य मेहरबान नहीं हुआ है। रेड माइनर्स ने 10 मैचों में महज एक जीत हासिल की है, जबकि हैदराबाद एफसी को अब तक खेले मुकाबलों से अभी भी पूरे तीन अंक हासिल करने हैं। इन टीमों के लिए गोल करना एक बड़ी चिंता का विषय रहा है, क्योंकि दोनों टीमों के कुशल फॉरवर्ड लगातार गोल करने में असफल रहे हैं।

### पल्टन की जीत की हैट्रिक, पुणे लेग के अंतिम मैच में बुल्स को 25 अंक से हराकर शीर्ष पर कायम



**पुणे।** मेजबान पुनेरी पल्टन ने श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बुधवार रात खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 10वें सीजन के पुणे लेग के अंतिम मैच में बेंगलुरू बुल्स को 43-18 के अंतर से हरा दिया। पल्टन छह मैचों में पांचवीं जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर कायम हैं जबकि बुल्स सात मैचों में पांचवीं हार के साथ आठवें स्थान पर बने हुए हैं। पल्टन ने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार ऊर्जा दिखाते हुए रेड और डिफेंस में 17-17 अंक बटोरे जबकि बुल्स उनके सामने कहीं नहीं टिक सके। बुल्स को रेड में 10 और डिफेंस में 8 अंक मिले। बुल्स के लिए रोहित नांदल (6) ने हाई-5 लगाया जबकि विकास कंडोला ने 5 अंक बटोरे। पुणे के लिए मोहम्मदरेजा शादलू ने हाई-5 लगाया और मोहित गोयत ने 8 अंक अपने नाम किए। लगातार चार हार के बाद जीत की पटरी पर लौटी बुल्स एक बार फिर बेपटरी हो गई। पल्टन के डिफेंस और रेड विभाग ने बेहतरीन शुरुआत की और चौथे मिनट में अपनी टीम को 6-1 की लीड दिला दी। बुल्स टीपर आलआउट का खतरा था और इसे अंजाम देकर पल्टन ने 10-2 की लीड ले ली। पुणे की टीम यहीं नहीं रुकी और जल्द ही अपनी लीड 15-2 कर ली। बुल्स के लिए सुपर टैकल आन था लेकिन कंडोला ने इसे टाल दिया। फिर बुल्स के डिफेंस ने मोहित को बाहर भेज लगातार दूसरा अंक बटोरा। भरत पहले ही बाहर थे और ब्रेक के बाद कंडोला भी आउट कर दिए गए।

## आठ साल की बोधना शिवानंदन का कमाल

# इंग्लैंड में रच दिया इतिहास सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी बनीं

**लंदन।**
भारतीय मूल की बोधना शिवानंदन ने इंग्लैंड में इतिहास रच दिया है। इस युवा शतरंज खिलाड़ी ने यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप जीती और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का खिताब अपने नाम किया है। आठ वर्षीय ब्रिटिश भारतीय स्कूली छात्रा ने यूरोपीय चैंपियनशिप में 'सुपर टैलेंटेड' सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का खिताब अपने नाम किया। उत्तर-पश्चिम लंदन के हैरो की रहने वाली बोधना शिवानंदन ने कोविड महामारी लॉकडाउन के दौरान शतरंज खेलने के बाद लगातार जीत के बाद यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप जीती।

यूरोपीय चैंपियनशिप में उन्होंने एक अंतरराष्ट्रीय मास्टर को हराकर खिताब जीता। यूरोपियन रैपिड और ब्लिट्ज ने कहा, 'आठ वर्षीय सुपर प्रतिभाशाली बोधना शिवानंदन (इंग्लैंड, 1944) ने ब्लिट्ज प्रतियोगिता में आश्चर्यजनक परिणाम दिया। उसने 8.5/13 अंक हासिल कर प्रथम महिला पुरस्कार जीता और 211.2 ब्लिट्ज ईएलओ अंक अर्जित किए।'

बोधना ने अपनी जीत के बाद कहा, 'मैं हमेशा जीतने की पूरी कोशिश करती हूं, कभी-कभी ऐसा होता है और कभी-कभी ऐसा नहीं होता है।' उनके पिता शिव शिवानंदन ने कहा कि उनकी बेटी 'अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रही थी और इसने उसके पक्ष में काम किया है।' उन्होंने कहा, 'उसे शतरंज पसंद है और उसे घूमना पसंद है। हम कोशिश करते रहते हैं



और चलते रहते हैं।'

कुछ महीने पहले ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक ने खेल के लिए सरकार के प्रमुख नए जीबीपी एक मिलियन निवेश पैकेज का एलान किया है। इस दौरान 10 डाउनिंग स्ट्रीट पर युवा शतरंज प्रेमियों के एक समूह को आमंत्रित किया गया था, जिसमें बोधना भी शामिल थीं। यह पैकेज इंग्लैंड के वंचित क्षेत्रों में स्कूलों में जाने वाले बच्चों को शतरंज सीखने और खेलने, खेल की दृश्यता और उपलब्धता में सुधार और विशिष्ट खेल को वित्त पोषित करने में सहायता करने के लिए लागू किया गया है।

एक अन्य ब्रिटिश भारतीय शतरंज प्रतिभावान नौ वर्षीय श्रेयस रॉयल के पिता जितेंद्र सिंह ने कहा, 'मैं अपने बेटे को इतनी कम उम्र में आवश्यक शतरंज टूर्नामेंट और उसके विकास के लिए महत्वपूर्ण कोचिंग प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहा था। सरकार से इस अनुदान के साथ हम इंग्लिश शतरंज फेडरेशन और स्कूलों और समुदायों में शतरंज के कड़ी मेहनत वाले संगठनों के माध्यम से अधिक बच्चों को खेल में आगे बढ़ने में मदद करने में सक्षम होंगे। मेरा मानना है कि यह एक बहुत ही फायदेमंद है और मुझे पसंद आएगा। इस महत्वपूर्ण घोषणा से अधिक लोग खेल में शामिल होंगे।'

सुनक के नेतृत्व वाली सरकार ने अधिक प्राथमिक विद्यालय के बच्चों, विशेषकर लड़कियों को खेल सीखने के लिए प्रोत्साहित करने की योजना बनाई है। यूके शिक्षा विभाग ने कहा कि वह पूरे इंग्लैंड में वंचित क्षेत्रों में कम से कम 100 स्कूलों को रुचि के आधार पर 2,000 जीबीपी तक का अनुदान देगा।

### साक्षी मलिक ने रोते हुए कुश्ती को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास का एलान कर दिया है। भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव गुरुवार (21 दिसंबर) को संपन्न हुए। संजय सिंह नए अध्यक्ष बने हैं। वह पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। पहलावनों ने इस साल बृजभूषण शरण के खिलाफ ही मोर्चा खोला था और दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया था। अब उनके ही करीबी के अध्यक्ष बनने पर साक्षी ने संन्यास का फैसला कर लिया। पहलवान साक्षी मलिक ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हम 40 दिनों तक सड़कों पर सोए और देश के कई हिस्सों से बहुत सारे लोग हमारा समर्थन करने आए। अगर बृज भूषण शरण सिंह के बिजनेस पार्टनर और करीबी सहयोगी को कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुना जाता है, तो मैं कुश्ती छोड़ती हूं। हमारा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। लड़ाई पूरे दिल से लड़ी। अगर अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह जैसा आदमी ही रहता है तो मैं अपनी कुश्ती को त्यागती हूं।" साक्षी के संन्यास के बारे में जब बृजभूषण शरण सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा, "उससे मेरा क्या लेना-देना।"

# भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष चुने गए संजय सिंह

**नई दिल्ली।**
भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के सहयोगी संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई का नया अध्यक्ष चुना गया है। वर्ष की शुरुआत में कई बार स्थगन के बाद, भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव गुरुवार, 21 दिसंबर को हुए। नई दिल्ली में दिन के समय हुए मतदान के बाद उसी दिन मतगणना भी हुई, जिसमे संजय सिंह को विजयी घोषित किया गया। सिंह को 40 वोट मिले, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी पूर्व भारतीय पहलवान अनीता श्योराण को सात वोट मिले।

भारतीय कुश्ती महासंघ में शीर्ष पदों के लिए चुनाव वैश्विक कुश्ती संस्था, यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के लिए डब्ल्यूएफआई पर लगाए गए निलंबन को हटाने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने अगस्त में निर्धारित समय सीमा के भीतर चुनाव कराने में विफल रहने के कारण डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था और भारत के पहलवानों ने पिछले कुछ महीनों में वैश्विक प्रतियोगिताओं में तटस्थ एथलीटों के रूप में प्रतिस्पर्धा की थी।

राजधानी में अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महासचिव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष समेत 15 पदों के लिए चुनाव हुए। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण और उत्तर प्रदेश कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष संजय सिंह के बीच था।

अनीता श्योराण, जो हरियाणा से हैं और ओडिशा से चुनाव लड़ीं, राष्ट्रीय कुश्ती संस्था की पहली महिला अध्यक्ष बनने के लिए जोर लगा रही थीं। उन्हें साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया और विनेश फोगट सहित स्टार पहलवानों का समर्थन प्राप्त था, जिन्होंने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों



पर निवर्तमान बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

दूसरी ओर, संजय सिंह, जो बृज भूषण शरण सिंह के करीबी सहयोगी रहे हैं, ने कुश्ती के गौरवशाली दिनों को वापस लाने का वादा किया है, एक ऐसा खेल जिसने हाल के दिनों में भारत के लिए कई ओलंपिक पदक विजेता पैदा किए हैं। साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया जैसे लोगों को संजय सिंह के चुनाव लड़ने पर आपत्ति थी। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ अपनी बैठक के दौरान इसे व्यक्त किया था।

बहुचर्चित विरोध प्रदर्शन 18 जनवरी को शुरू हुआ जब पहलवान नई दिल्ली के जंतर मंतर पर एकत्र हुए और सार्वजनिक रूप से सिंह पर यौन शोषण और धमकी के आरोप लगाए। एथलीटों का आक्रोश सिर्फ अपने लिए न्याय मांगने के बारे में नहीं था बल्कि आने वाले पहलवानों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने के बारे में भी था। उन्होंने डब्ल्यूएफआई में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की मांग की और जोर देकर कहा कि न तो सिंह और न ही उनके परिवार के किसी सदस्य को महासंघ में शामिल होना चाहिए। विरोध प्रदर्शन जून तक जारी रहा जिसके बाद खेल मंत्रालय द्वारा कार्रवाई का वादा किए जाने के बाद पहलवानों ने इसे बंद करने का फैसला किया।

# हॉकी इंडिया ने कृष्ण, सुशीला, शिवेंद्र और विनीत को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।**
हॉकी इंडिया ने कृष्ण बहादुर पाठक, सुशीला चानू पुखरामबम, शिवेंद्र सिंह और विनीत कुमार शर्मा को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित होने पर बधाई दी है।

कृष्ण बहादुर पाठक और सुशीला चानू पुखरामबम को 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जबकि शिवेंद्र सिंह को 2023 में उत्कृष्ट कोचिंग के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, पूर्व भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी विनीत कुमार शर्मा को भी सम्मानित किया गया है। शर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट 2023 के लिए ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

अपने असाधारण गोलकीपिंग कौशल के लिए जाने जाने वाले कृष्ण बहादुर पाठक मैदान पर अटूट समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए भारतीय हॉकी टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। उत्कृष्टता की उनकी निरंतर खोज ने उन्हें प्रशंसकों और साथियों की समान रूप से प्रशंसा अर्जित की है। पाठक ने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में भारत के विजयी अभियान में प्रमुख भूमिका निभाई।

महिला हॉकी सर्किट की दिग्गज खिलाड़ी सुशीला चानू पुखरामबम ने एक मजबूत रक्षक के रूप में लगातार अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। उनके नेतृत्व गुणों और अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें देश भर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए एक आदर्श बना दिया है। 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कैप हासिल करने वाली अनुभवी सुशीला ने टोक्यो ओलंपिक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने जापान के खिलाफ विजयी गोल भी किया, जिसने इस साल की शुरुआत में हांग्जो एशियाई खेलों में भारत को कांस्य पदक दिलाया।

इस बीच, भारतीय हॉकी में एक सम्मानित नाम, शिवेंद्र सिंह ने एक शानदार खिलाड़ी से भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोचिंग स्टाफ तक एक प्रभावशाली यात्रा की है। खेल में उनकी यात्रा उनके अटूट समर्पण, खेल की गहरी समझ और हॉकी के प्रति गहरे जुनून का प्रमाण है। एक खिलाड़ी के रूप में भारतीय हॉकी परिदृश्य का अभिन्न अंग रहे शिवेंद्र अपनी कोचिंग भूमिका में अमूल्य अनुभव और अंतर्दृष्टि लेकर आते हैं। पूर्व भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर विनीत कुमार शर्मा को उनके सुनहरे दिनों में घातक पेनल्टी कॉर्नर हिटरों में से एक माना जाता था। 63 वर्षीय पूर्व स्टार फुलबैक नई दिल्ली 1982 और 1986 सियोल एशियाई खेलों की टीमों का हिस्सा थे।

# ऑस्ट्रेलिया टेस्ट दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित, सात अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल

**सेंट जॉन्स।**
क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने अपने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 15 खिलाड़ियों के टीम की घोषणा कर दी है। टीम में सात अनकैप्ड खिलाड़ियों बल्लेबाज ज़ाचरी मैक्कास्की, विकेटकीपर टेविन इमलाच, ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज, केविन सिंक्लेयर, तेज गेंदबाज अकीम जॉर्डन और शमर जोसेफ शामिल हैं। क्रैग ब्रैथवेट को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। तेज गेंदबाज अल्ज़ारी जोसेफ को ब्रैथवेट के डिप्टी के रूप में नामित किया गया है।

श्रृंखला, जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र का हिस्सा है, में दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में इस साल की शुरुआत में भारत के खिलाफ ड्रॉ और हार के



बाद वेस्टइंडीज फिलहाल छठे स्थान पर है।

अपने प्रमुख खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बाद भी मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स का मानना है कि चुनी गई टीम ऑस्ट्रेलिया में अच्छे ब्रांड की क्रिकेट खेलने में सक्षम है।

हेन्स ने सीडब्ल्यूआई के एक बयान में कहा, 'कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपलब्धता से टीम प्रभावित हुई है। हालांकि, हमने पिछले साल से एक बहुत मजबूत रेड-बॉल कार्यक्रम चलाया है, जिसने पूरे क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रतिभाओं को उजागर किया है।'.

हेन्स ने कहा, 'चयनित खिलाड़ियों ने उन्हें दिए गए प्रत्येक टेस्ट को पास कर लिया है और अब उन्हें टेस्ट क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर दिया जाना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया से बाहर हमेशा एक चुनौती होती है, लेकिन हमें अपनी टीम पर भरोसा है।'

प्रतिष्ठित फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 17 जनवरी को एडिलेड में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट मुकाबला 25 जनवरी को ब्रिस्बेन में खेला जाएगा।

**वेस्टइंडीज टेस्ट टीमः** क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), अल्ज़ारी जोसेफ (उप-कप्तान), तेग नारायन चंद्रपॉल, किर्क मैकेंजी, एलिक अथानाजे, केवम हॉज, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ डासिल्वा, अकीम जॉर्डन, गुडाकेश मोती, केमार रोच, केविन सिंक्लेयर, टेविन इमलाच, शमर जोसेफ, ज़ाचरी मैक्कास्की।

## पहला रेडियंट डिफरेंटली एबल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स 23 दिसंबर को, सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट के लिए प्रमोद भगत, सुंदर सिंह गुर्जर और वीरेंद्र सिंह

# दीक्षा डागर, अवनी लेखरा, भावना पटेल सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट अवार्ड्स की दौड़ में

**नई दिल्ली।**
पहला रेडियंट डिफरेंटली एबल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स, 23 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रीय राजधानी के सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। 23 पुरस्कार श्रेणियों में नामांकन की घोषणा डी-डे से पहले की गई थी और कुल 250 विशेष एथलीटों को नामांकन प्राप्त हुए।

देश के शीर्ष विशेष एथलीट, जिनमें गोल्फर दीक्षा डागर (बधिर), पैरा-शूटर अवनि लेखरा, पैरा-तीरंदाज शीतल देवी, पैरा-एथलीट सिमरन वत्स, पैरा-टेबल-टेनिस खिलाड़ी भावना पटेल महिलाओं में और पैरा-बैडमिंटन स्टार प्रमोद भगत, 'गूंगा पहलवान' वीरेंद्र सिंह, पैरा-शूटर मनीष नरवाल, पैरा-भाला फेंक खिलाड़ी सुंदर सिंह गुर्जर और पैरा-क्रिकेटर अमीर हुसैन लोन पुरुष वर्ग में पुरस्कार की रेस में शामिल हैं।

पहला रेडियंट डिफरेंटली एबल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स (आरडीएएसए) विशेष रूप से दिव्यांग एथलीटों के लिए देश का पहला पुरस्कार होगा और इसका उद्देश्य दिव्यांग खेल समुदाय की उत्कृष्ट उपलब्धियों का सालाना जश्न मनाना है। हाल ही में विश्व पैरा एथलेटिक्स के प्रमुख, श्री पॉल फिट्जगेराल्ड ने इसकी सराहना की, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर समावेशिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के लिए रेडियंट स्पोर्ट्स की सराहना की।

पुरस्कारों पर निर्णय देने के लिए ओलंपिक कांस्य विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त, राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स कोच सत्यनारायण, रूपिंदर सिंह, मुकेश त्यागी और भाऊसाहेब वाग्चुरे की एक प्रतिष्ठित जूरी गठित की गई है। आरडीएएसए का दूरदर्शन पर भी सीधा




प्रसारण किया जाएगा।

आगामी कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए, रेडियंट स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की सह-संस्थापक और अध्यक्ष, राधिका खेतरपाल ने कहा, "इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करना बेहद संतुष्टिदायक है जो हमारे विशेष एथलीटों के विकास में मदद करेगा। हमारे दिव्यांग नायकों और उनकी वीरता का जश्न मनाकर और उनका सम्मान करके देश में हर किसी को प्रेरित करना हमारा मिशन है। इन पुरस्कारों के पीछे एक अत्यंत प्रतिबद्ध टीम की पूरे साल की कड़ी मेहनत लगी है और मैं इस पहल का नेतृत्व करने पर बेहद आभारी हूं। हम श्री अशोक ध्यानचंद जैसे दिग्गजों से मिले समर्थन के लिए भी बहुत आभारी हैं। जिन्होंने हमारे शीर्ष पुरस्कारों में से एक के लिए प्रसिद्ध ध्यानचंद नाम के उपयोग की अनुमति दी है। मैं उस समुदाय के लिए गौरवपूर्ण दिन की प्रतीक्षा कर रही हूं जो हर तरह से सुर्खियों का हकदार है।''

सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरुष एथलीट पुरस्कारों के अलावा, आरडीएएसए शीर्ष कोचों, अकादमियों, सबसे स्टाइलिश एथलीट, सोशल मीडिया स्टार, और टीमों को भी सम्मानित करेगा। सर्वश्रेष्ठ खेल प्रशंसक के लिए भी एक पुरस्कार है, जो दिव्यांग खेलों और खिलाड़ियों के विकास में बहुत महत्वपूर्ण है।

ध्यानचंद टीम ऑफ द ईयर की दौड़ में भारतीय पैरा-शूटिंग टीम, महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम, बधिर भारतीय कुश्ती टीम और एआईएससीडी बैडमिंटन टीम शामिल होंगी।

पहले आरडीएएसए के लिए 21 दिव्यांग खेल संघों ने अपने नामांकन भेजे हैं। राधिका ने कहा, 'इतने सारे महासंघों को बोर्ड पर लाना कोई आसान काम नहीं था और यह एक ऐसी चीज है जिस पर हमें बेहद गर्व है।'

# स्वस्थ्य जीवन और हेल्दी लाइफ के लिए अपनाएं कुछ आदतें



शायद ही कोई ऐसा हो, जो स्वस्थ और खुशहाल जीवन नहीं जीना चाहता। अगर कोई लंबा और निरोगी जीवन जीना चाहता है, तो उसे अपने और अपनी सेहत के लिए कुछ समय निकलना ही पड़ेगा। सेहतमंद रहने के लिए सिर्फ हेल्दी खाना ही जरूरी नहीं है, बल्कि हेल्दी लाइफ जीना भी जरूरी है। इसके लिए आपको कुछ अच्छी आदतों को अपनाना पड़ेगा, जो आपको हेल्दी रखने में मदद कर सकती हैं। अगर आप भी एक बेहतर और स्वस्थ व्यक्तित्व के साथ लंबा जीवन जीना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको अपने जीवन में कुछ जरूरी टिप्स को हमेशा के लिए अपनाना होगा। आइए जानते हैं लंबी और स्वस्थ जिंदगी के लिए कुछ जरुरी आदतें- **फिजिकल एक्टिविटी :** एक हेल्दी लाइफ के आदतों में सबसे जरूरी चीज योग, ध्यान और व्यायाम है, क्योंकि बिना इसे किए आप अपने को स्वस्थ रखने में असमर्थ रहेंगे। इसलिए सबसे पहले आप सुबह उठकर योग, एक्सरसाइज, वॉकिंग, जॉगिंग जरूर करें। बढ़ती उम्र के साथ बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए ये सबसे जरूरी आदत है। **हेल्दी डाइट :** दूसरी जरूरी आदत है कि आप अपने लिए एक हेल्दी डाइट प्लान तैयार करें, जिनमें दिनभर में कम से कम पांच सब्जियों का सेवन जरूर करें। अधिक सब्जियों के सेवन से पाचन प्रणाली एकदम स्वस्थ रहती है। अगर पाचन प्रणाली स्वस्थ रहेगी तो पूरा शरीर स्वस्थ रहेगा। **हाइड्रेटड रहें :** इसके बाद खुद को हमेशा हाइड्रेटड रखें। सेहतमंह रहने के लिए शरीर में पर्याप्त पानी होना बेहद जरूरी है। इसलिए दिनभर में कम से कम सात से आठ गिलास पानी जरूर पिएं। **पर्याप्त नींद :** इन दिनों लोगों का स्लीप पैर्टन पूरी तरह खराब हो चुका है। ऐसे में हेल्दी रहने के लिए कोशिश करें कि रात में आठ घंटे की पर्याप्त नींद जरूर लें। **वजन कंट्रोल रखें :** बढ़ता वजन या मोटापा कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की वजह बन सकता है। ऐसे में कोशिश करें कि सेहतमंद बने रहने के लिए अपने वजन को अपनी हाइट के हिसाब से बनाए रखें। **शराब- तम्बाकू से परहेज :** शराब, तम्बाकू जैसे नशीली चीजें सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए हेल्दी लाइफ के लिए ऐसी चीजों से दूर रहें।

# सुशांत को लेकर अंकिता के खुलासे से फैंस फिर हुए नाराज




बिग बॉस 17 के प्रशंसकों को लगता है कि शीर्ष दो के होगी। घर के अंदर स्टैंड-अप कॉमेडियन की जिंदगी फ्लेम मॉडल आयशा खान ने आकर उन पर दो बार कि उसने उससे उस समय प्यार का इजहार किया से पूरी तरह से प्यार नहीं करता था। मुनव्वर फारुकी दोनों लड़कियों से ठीक से बात करा बंद नहीं किया। ब्रेकअप के बारे में नहीं बताया था। वह शो में अपने बात करते नजर ाए है। आयशा के आने से मुनव्वर रिश्ते की सच्चाई सामने आयी। उन्हीं का उदाहरण अंकिता ने सुशांत से अपने ब्रेकअप के बारे में बात अंकिता लोखंडे ने कहा कि यह सच है कि कई बार लोग ब्रेकअप के बारे में सार्वजनिक रूप से बात नहीं करते क्योंकि उन्हें लगता है कि इसे निजी रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि शायद वे सुलह कर लेंगे और वापस आ जायेंगे। वह कहती हैं कि उन्हें उम्मीद थी कि सुशांत सिंह राजपूत और वह उनके घर छोड़ने के बाद वापस आ जाएंगे। अंकिता लोखंडे ने कहा था कि एक दिन वह अपना घर छोड़कर चले गए और फिर कभी वापस नहीं लौटे। उन्होंने कहा कि मीडिया में आने के बाद चीजें अपूरणीय हो जाती हैं। फैंस इस बात से नाराज हैं कि उन्होंने शो में फिर से दिवंगत एक्टर का नाम लिया है। जैसा कि हम जानते हैं, 14 जून, 2020 को सुशांत सिंह राजपूत की दुखद तरीके से मृत्यु हो गई। उनके निधन से देश स्तब्ध रह गया। अंकिता लोखंडे ने उनके बारे में बताते हुए कुछ साक्षात्कार दिए, क्योंकि उनकी आकस्मिक मृत्यु की विस्तृत जांच शुरू की गई थी, जिसे फांसी के कारण बताया गया था।

लिए लड़ाई अंकिता लोखंडे और मुनव्वर फारुकी के बीच में उथल-पुथल मची हुई है क्योंकि उनकी कथित काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा जब वह अपनी पूर्व प्रेमिका, नाजिला सीताशी यह कहते हुए रोने लगे हैं कि उन्होंने मुनव्वर फारुकी ने अपने रिश्ते के बारे में फारुकी के देते हुए की।

# रेखा को जया बच्चन ने लगाया गले, दंग रहे गए बिग-बी



अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और रेखा के बीच का प्रेम त्रिकोण बॉलीवुड में सबसे चर्चित खबरों में से एक है। 80 के दशक में ये तीनों सितारे शादीशुदा बिग बी और रेखा के कथित अफेयर को लेकर सुर्खियों में रहे। सालों बाद अमिताभ बच्चन अभी भी जया बच्चन से खुशी-खुशी शादीशुदा हैं और रेखा अकेली हैं उन्होंने आजतक शादी नहीं की। साल बीत सकते हैं लेकिन उनकी कहानी और उनका रिश्ता आज भी सुर्खियां बटोरता है। वही हुआ है। जया को गले लगाते हुए रेखा का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। रेडिट पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में सुभाष घई अमिताभ बच्चन को विजेता घोषित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जया बच्चन के साथ दर्शकों में बैठे बिग बी ताली बजाते हैं और मंच की ओर बढ़ते हैं। दर्शक सुपरस्टार की उपलब्धि पर उसका उत्साहवर्धन करते हैं। कैमरा रेखा की ओर जाता है जो उत्साह से ताली बजाती और अपने पैरों के पंजों पर उछलती नजर आती है। इसके बाद वह रेखा के पास जाती हैं और उन्हें बधाई देती हैं। वे सभी बॉलीवुड हस्तियों की तरह एक-दूसरे को गले लगाते हैं और चूमते हैं। अमिताभ बच्चन के साथ रणवीर सिंह ने भी अवॉर्ड जीता। उस वक्त उनके साथ मौजूद दीपिका पादुकोण ने रणवीर को गले लगा लिया। हम बाद में भावुक रणवीर को उस पल पर विश्वास करने में असमर्थ देखते हैं। रेखा और जया बच्चन के पुराने वीडियो पर नेटिजेंस रिएक्शन दे रहे हैं। इतिहास को देखते हुए वे इस बात से सदमे में हैं। एक उपयोगकर्ता ने पूरे वीडियो के बारे में बात करते हुए टिप्पणी की *यह क्या मल्टीवर्स है*। रिपोर्ट्स की मानें तो रेखा और अमिताभ बच्चन का कथित रोमांस दो अंजाने के सेट पर शुरू हुआ था। कहा जाता है कि ये दोनों रेखा की दोस्त के बंगले पर छुप-छुप कर मिलते थे। तब तक किसी को इसके बारे में पता नहीं था जब तक कि यह घटना कथित तौर पर गंगा की सौगंध के सेट पर हुई थी। जब एक सह-कलाकार ने रेखा के साथ दुर्व्यवहार किया, तो अमिताभ बच्चन कथित तौर पर अपना आपा खो बैठे। तभी से उनके रोमांस की अफवाहें शुरू हो गईं। दोनों ने हमेशा अपने अफेयर से इनकार किया। एक दिन यश चोपड़ा ने एक इंटरव्यू में अपने अफेयर की पुष्टि की। हुआ यूं कि ऋषि कपूर और नीतू सिंह की शादी में मंगलसूत्र और सिंदूर लगाकर पहुंची रेखा ने जया को रुला दिया।



मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**